गुरुवार, 1 जनवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 12 – 24 |
| आर्द्रता | 50% |
| सूर्योदय: 06:16 | सूर्यास्त: 16:03 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा





नववर्ष की पूर्व संध्या पर युवाओं ने नए साल 2026 का स्वागत किया।

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है–स्वामी विवेकानन्द



## राशिफल 2026 के अनुसार नववर्ष आपके लिये क्या कुछ लेकर आने वाला है?

## क्या इस साल आपका बिजनेस ग्रोथ करेगा? क्या बिछुड़ा साथी आपको साल 2026 में मिलेगा? नये साल में कब करें एक नई शुरुआत? किस्मत कब देगी साथ?

**नया साल जैसे शुरू हो जाता है। उससे हमारी उम्मीदें भी जुड़ जाती है। बीते साल में जो काम अधूरे छूटे हैं उनके पूरे होने की उम्मीदें, जो रिश्ते बिगड़ें हैं उनके पटरी पर लौट आने की उम्मीद, जो दिल बिछुड़े हैं उनके मिलने की उम्मीद, करियर में नये मुकाम की उम्मीद, सफलता का नया आयाम छूने की उम्मीद कुल मिलाकर हम यह जानने के लिये उत्सुक रहते हैं कि आने वाला साल हमारे लिये कैसा रहेगा? साल 2026 में होने वाले ग्रहों की चाल में आने वाले बदलाव, ग्रहों के राशि परिवर्तन के आधार पर आपके लिये 2026 का राशिफल जिसमें आपके इन तमाम सवालों के जवाब देने का प्रयास किया गया हैै।**



**मेष राशि : राशि अक्षर :** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो आ)

**मेष** राशि वालों के लिए 2026 बहुत सुंदर और खुशहाल साल रहेगा। कई रुके काम पूरे होंगे। धन आने और बचत के लिए 15 फरवरी से 27 जुलाई और सितंबर से नवंबर तक का समय अच्छा है। इस दौरान रियल एस्टेट में पैसा लगाना फायदेमंद रहेगा। 16 अगस्त के बाद कोई बड़ा काम पूरा होने से बहुत खुशी मिलेगी। कोई कर्क, धनु या मेष राशि वाला व्यक्ति आपका नया बिजनेस पार्टनर बनेगा। 12 नवंबर से 16 दिसंबर तक खर्चे ज्यादा रहेंगे। श्री सूक्त और कनकधारा स्तोत्र का पाठ करें तो आर्थिक स्थिति और अच्छी रहेगी।

स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। मंगल और राहु हड्डी या खून की दिक्कत दे सकते हैं। शुगर और बीपी वाले अगस्त-सितंबर में सावधानी रखें। हनुमान जी की पूजा करें। हर मंगलवार मसूर दाल, गुड़ और गेहूं दान करें। हर रविवार आदित्य हृदय स्तोत्र के 3 पाठ करें।

शिक्षा और करियर में बहुत तरक्की होगी। मार्च और नवंबर में विदेश यात्रा हो सकती है। तकनीकी और प्रबंधन के स्टूडेंट्स को नए मौके मिलेंगे। नौकरी में प्रमोशन होगा। यश और सम्मान बढ़ेगा। विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें तो जीवन और सफल हो जाएगा।

वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। प्रेम में गहराई आएगी। अविवाहितों को अच्छा रिश्ता मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ घूमने जाएंगे। शिव पूजा से अविवाहितों की शादी हो जाएगी। प्यार आपको पूरा सुकून देगा। जीवन सुखमय बनाने के लिए शिव पूजा करें।



**वृषभ राशि : राशि अक्षर :** ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो

वृषभ राशि वालों के लिए आर्थिक रूप से 2026 बहुत अच्छा साल रहेगा। धन आएगा। अगस्त के बाद कई सालों से रुके काम पूरे होंगे। 17 अगस्त के बाद घर बनवाने या खरीदने के काम पूरे होंगे। जमीन या फ्लैट खरीद सकते हैं। सोने और हीरे के गहने लेंगे। कोई कर्क या कुंभ राशि वाला व्यक्ति नई बिजनेस डील से फायदा देगा। हर शुक्रवार श्री सूक्त के मंत्र का जप और हवन करें तो पैसा और बढ़ेगा। 15 मई से 16 अगस्त और 7 अक्टूबर के बाद विदेश यात्रा हो सकती है।

स्वास्थ्य में थोड़ी परेशानी रहेगी। फरवरी से जून और 15 सितंबर से 3 अक्टूबर तक सावधानी रखें। 16 अक्टूबर के बाद स्वास्थ्य अच्छा हो जाएगा। यूरिन की दिक्कत हो सकती है। अंधे या गरीब को अन्न और कपड़े दान करें। हृदय वाले अगस्त से अक्टूबर तक ध्यान रखें।

शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। नौकरी में तरक्की होगी। 14 फरवरी के बाद प्रमोशन होगा। विदेश यात्रा हो सकती है। उच्च अधिकारियों का साथ मिलेगा। राजनीति वाले बहुत फायदा उठाएंगे। नया पद मिल सकता है। समाज में सम्मान बढ़ेगा।

भाग्य अच्छा रहेगा। हनुमान जी की पूजा करें। सुगंधित इत्र लगाएं। ओपल पहनें। सत्य बोलें। हर शुक्रवार गाय को आटा-गुड़ खिलाएं। शनिवार पीपल के नीचे दीपक जलाएं और हनुमान चालीसा पढ़ें।



**मिथुन राशि : राशि अक्षर :** का, की, कू, घ, ड., छ, के, को, हा

मिथुन राशि वालों के लिए 2026 सफलता का साल है। इस साल आप नया बिजनेस शुरू कर सकते हैं। मेष, वृषभ या तुला राशि वाले पार्टनर से फायदा होगा। घर के काम पूरे होंगे। सोने और हीरे के गहने खरीदेंगे। अक्टूबर के बाद नई संपत्ति मिल सकती है। अगस्त-सितंबर में खर्चे ज्यादा रहेंगे। शेयर से ज्यादा रियल एस्टेट में पैसा लगाएं तो फायदा होगा।

स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। जून, अक्टूबर और मई में थोड़ी दिक्कत हो सकती है। बुधवार के दिन गाय को हरी पालक खिलाएं और इसी दिन गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं। पन्ना पहनें। जीवनसाथी को हड्डी की दिक्कत हो सकती है। कुशोदक से शिव का रुद्राभिषेक कराएं तो स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। नया मौका मिलेगा। न्याय, लेखन और पत्रकारिता वाले फायदा उठाएंगे। अक्टूबर के बाद बड़ा पद या प्रमोशन मिल सकता है। तकनीकी और मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स को नए अवसर और विदेश यात्रा मिलेगी।

इस साल आपको प्यार मिलेगा। अविवाहितों की शादी हो सकती है। प्रेम में विश्वास रखें। जीवनसाथी के साथ दूर की यात्रा करेंगे। सत्यता बनाए रखें तो वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा।



**कर्क राशि : राशि अक्षर :** ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

कर्क राशिफल 2026 (कर्क राशि का विस्तृत वार्षिक राशिफल 2026)

कर्क राशि वालों के लिए नया साल बिजनेस में तरक्की का है। 2026 कई सपने पूरे करेगा। शुरुआती दो महीने सफल रहेंगे। बड़े आर्थिक मौके मिलेंगे। सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। ससुराल से मदद मिलेगी। संपत्ति खरीदने के योग हैं। घर के काम पूरे होंगे।

स्वास्थ्य मिश्रित रहेगा। सर्दी और सांस की दिक्कत हो सकती है। मोती पहनें। शिव उपासना और कुशोदक से रुद्राभिषेक कराएं तो स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव आएंगे। अविवाहितों की शादी के अच्छे योग हैं। युवा प्रेम में भावुक रहेंगे। प्रेम कविताएं लिखने में मजा आएगा। लव लाइफ आप अच्छे प्रेमी साबित होंगे।

धार्मिक यात्राएं करेंगे। आध्यात्मिक तरक्की होगी। गुरुओं का आशीर्वाद मिलेगा। संतान की सफलता से खुशी मिलेगी। जीवनसाथी को अक्टूबर के बाद थोड़ी दिक्कत हो सकती है। भाई और मित्रों का साथ मिलेगा। जनवरी, मार्च और जून में यात्रा होगी। दूर की यात्रा के अच्छे योग हैं। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें तो जीवन में तरक्की होगी।



**सिंह राशि : राशि अक्षर :** मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

सिंह राशि वालों के लिए 2026 आर्थिक विकास का साल रहेगा। धन आने के साथ यश और सम्मान भी मिलेगा। अप्रैल के बाद धन आने की रफ्तार तेज हो जाएगी। जुलाई में खर्चे ज्यादा रहेंगे। अक्टूबर और नवंबर के बाद रियल एस्टेट या घर में निवेश करें। 17 फरवरी से 18 जून तक आय और खर्च का संतुलन रहेगा। संतान की शिक्षा पर खर्च सकारात्मक रहेगा।

स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। ब्लड प्रेशर और पेट की दिक्कत हो सकती है। आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ रोगों से मुक्ति देगा। राहु से जुड़े उड़द दान बुधवार को करें। सूर्य को जल चढ़ाते हुए गायत्री मंत्र जपें।

शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। अक्टूबर के बाद विदेश यात्रा हो सकती है। फरवरी तक खर्चे से परेशानी रहेगी। संतान की सफलता से खुशी मिलेगी। राजनीति और प्रशासन वाले बहुत लाभ में रहेंगे। बड़े नेताओं का आशीर्वाद मिलेगा।

**लव लाइफ में रोमांटिक माहौल रहेगा।**

अविवाहितों के लिए मार्च के बाद का समय अच्छा है। आप जिससे प्यार करते हैं, खूब करते हैं। जीवनसाथी से उपहार और घूमने का आनंद मिलेगा। वैवाहिक जीवन सुखी रहेगा। युवा प्रेम में अनुशासन रखें। भावुकता में निर्णय न लें। यात्रा में मार्च तक सावधानी रखें। भाग्य बढ़ाने के लिए सूर्य उपासना और हनुमान जी की पूजा करें। अन्न-वस्त्र दान करें।



**कन्या राशि : राशि अक्षर :** टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

कन्या राशि वालों के लिए 2026 सफलताओं का साल रहेगा। 25 अप्रैल के बाद और 15 नवंबर तक घर खरीदने का समय है। धन आने की स्थिति फरवरी से अगस्त और अक्टूबर से साल के अंत तक बहुत अच्छी रहेगी। कई सालों से रुका धन मिलेगा। कभी-कभी पैसे एकदम खत्म हो सकते हैं। श्रीसूक्त का पाठ करें तो धन की स्थिति और बेहतर होगी। श्री विष्णु सहस्रनाम का पाठ जीवन के हर क्षेत्र में उन्नति देगा।

स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। फरवरी तक सावधानी रखें। आंखों से संबंधित दिक्कत हो सकती है। भगवान शिव का कुशोदक से रुद्राभिषेक कराएं। सांस के मरीज परेशान हो सकते हैं, हालांकि डरने की कोई बात नहीं होगी। शिव उपासना और अन्न दान से संकट दूर होंगे।

शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। संतान की सफलता से खुशी होगी। कोई वृषभ या तुला राशि वाला व्यक्ति बहुत मदद करेगा। टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स का इस साल लाभ होगा। विदेश यात्रा हो सकती है।

लव लाइफ में सफलता मिलेगी। इस बात को ध्यान में रखें कि तर्क से नहीं, दिल से प्यार होता है। जीवनसाथी के प्यार में कोई कमी नहीं रखें। देश में घूमेंगे और यात्रा का आनंद लेंगे। विवाह योग्य लोगों की शादी हो जाएगी। भाग्य बढ़ाने के लिए श्री विष्णु उपासना और हर दिन हनुमान चालीसा के 7 पाठ करें। अन्न दान करें।



**तुला राशि : राशि अक्षर :** रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तु, ते

तुला राशि वालों के लिए 2026 सफलता दिलाने वाला और स्वास्थ्य के लिए शानदार साल रहेगा। मार्च, मई और नवंबर में धन की बरसात होगी। कई सालों से रुके काम पूरे होंगे। यह साल नई उमंग और खुशी का है। कई मनोरंजक यात्राएं होंगी। धन के साथ स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। 25 जुलाई से 14 सितंबर तक बीमारी पर खर्च हो सकता है। कुल मिलाकर समृद्धि और खुशी का साल रहेगा।

स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। कोई बड़ी परेशानी नहीं होगी। ब्लड प्रेशर और शुगर वाले सावधानी रखें। जरूरमंद को अन्न और कपड़े दान करें।

शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। राजनीति वाले बहुत सफल रहेंगे। प्रशासनिक अधिकारी यश और सम्मान पाएंगे। जॉब में तरक्की होगी। अगस्त के बाद विदेश यात्रा हो सकती है। भाई की मदद से बड़ा विवाद सुलझेगा और काम बनेगा।

लव लाइफ में सफलता मिलेगी। ससुराल से लाभ होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दूर की धार्मिक यात्रा करने का मौका मिलेगा।

हर सोमवार शिवलिंग पर दूध और गंगाजल चढ़ाएं। उड़द दाल का दान करें। नवंबर के बाद बृहस्पति से जुड़ी चीजें केला और चने की दाल विष्णु मंदिर में दान करें। इस साल बड़े लोगों से संबंध बनेंगे, जिनका जीवनभर फायदा मिलेगा।



**वृश्चिक राशि : राशि अक्षर :** तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यो, यू

वृश्चिक राशि वाले लोगों के लिए 2026 बेहतर साल रहेगा। 16 अप्रैल के बाद आर्थिक तरक्की के लिए शानदार समय है। फरवरी-मार्च के बाद धन कमाएंगे और अच्छे कामों में खर्च करेंगे। घर के काम पूरे होंगे। जमीन या फ्लैट खरीद सकते हैं। कोई धनु या सिंह राशि वाला व्यक्ति बहुत मदद करेगा। मेष और कर्क राशि वाला नया बिजनेस पार्टनर लाभ देगा। 16 मार्च से 27 मई तक शेयर और रियल एस्टेट में निवेश अच्छा रहेगा। अक्टूबर से दिसंबर तक धन आएगा। जनवरी-फरवरी में खर्चे ज्यादा रहेंगे। हर मंगलवार सुंदरकांड का पाठ करें।

स्वास्थ्य मिश्रित रहेगा। पेट, खून और ब्लड प्रेशर की दिक्कत हो सकती है। हर मंगलवार मसूर दाल और गेहूं दान करें। गाय को रोटी-गुड़ खिलाएं। हनुमान बाहुक का पाठ स्वास्थ्य देगा। मार्च से मई और सितंबर में सावधानी रखें। जरूरतमंदों में अन्न-कपड़े दान करें।

दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। जीवनसाथी का प्यार और सहयोग मिलेगा। विवाह योग्य लोगों की शादी हो सकती है। प्रेम शादी में बदलने की संभावना है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाल मूंगा पहनें, तो लाभ होगा।

यह साल आपको बड़ा पुरस्कार दिलाएगा। सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक यात्राएं होंगी। संतान को सफलता मिलेगी। संतान के विवाह की बाधाएं दूर होंगी। भगवान विष्णु की पूजा करें। श्रीसूक्त का पाठ करें।



**धनु राशि : राशि अक्षर :** ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे

धनु राशि वालों के लिए धन प्राप्ति की दृष्टि से 2026 का पहला हिस्सा बहुत अच्छा रहेगा। कोई रुका हुआ बिजनेस संबंधी काम पूरा हो सकता है। इस दौरान नया वाहन खरीद सकते हैं। कोई मेष, कर्क या सिंह राशि वाला व्यक्ति आपकी बहुत मदद करेगा। रियल एस्टेट और शेयर में पैसा लगाएंगे। ससुराल से फायदा होगा। किसी पुराने दोस्त या रिश्तेदार की मदद से जमीन मिल सकती है। संतान की सफलता से मन बहुत खुश रहेगा। मार्च तक खर्चे थोड़े ज्यादा रहेंगे। इस साल कोई बड़ा पुरस्कार मिल सकता है। 24 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक धन आने की रफ्तार तेज रहेगी।

स्वास्थ्य की दृष्टि से साल कुछ बेहतर रहेगा। यूरिन और पेट की दिक्कत मार्च से सितंबर तक हो सकती है। अक्टूबर के बाद समय अच्छा हो जाएगा। विष्णु सहस्रनाम का बुधवार और गुरुवार को पाठ करें। हर बुधवार गाय को पालक और हर गुरुवार केला खिलाएं।

दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। जीवनसाथी को थोड़ी स्वास्थ्य दिक्कत 15 मार्च से 16 मई तक आ सकती है। 15 मई से समय अच्छा हो जाएगा। कुशोदक से रुद्राभिषेक कराएं। संतान की शिक्षा पर मार्च से मई तक खर्च थोड़ा ज्यादा रहेगा। भाई की मदद से कोई बड़ा सरकारी काम पूरा होगा। इस साल भगवान विष्णु की उपासना करें। पुखराज पहनें। गौ सेवा और माता-पिता की सेवा से सारे काम बनेंगे।



**मकर राशि : राशि अक्षर :** भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

मकर राशि वाले जो लोग राजनीति में हैं, वे सफल रहेंगे। स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। 2026 आर्थिक रूप से समृद्धि और धन प्राप्ति का साल है। मार्च से जून तक खर्चे बढ़ेंगे। कई सालों से रुका कोई काम 15 अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। अक्टूबर के बाद और दिसंबर तक धन की बरसात होगी। सितंबर से नवंबर तक धन का सही इस्तेमाल स्थायी संपत्ति खरीदने में करेंगे। संतान की शिक्षा पर अप्रैल से जून तक खर्च थोड़ा ज्यादा रहेगा। संतान की सफलता से मन खुश रहेगा। रियल एस्टेट या फ्लैट 24 अक्टूबर से 16 दिसंबर तक खरीदने में सफलता मिलेगी। यह साल आपको बहुत कुछ देकर जाएगा।

स्वास्थ्य की दृष्टि से साल बहुत अच्छा नहीं रहेगा। सांस और पेट की दिक्कत हो सकती है। 13 अप्रैल से सितंबर तक स्वास्थ्य परेशानी दे सकता है। हर शनिवार पीपल को जल दें और दीपक जलाएं। हनुमान बाहुक और सुंदरकांड का पाठ करें। शनि से जुड़े तिल-तेल और राहु से जुड़ी उड़द दाल का दान करें। दान में बहुत ताकत है, इससे आपत्तियां टलती हैं। भगवान का नाम जपें और दान करें तो संकट दूर होगा।

दाम्पत्य जीवन बहुत सुखमय रहेगा। फरवरी से अप्रैल तक जीवनसाथी को थोड़ी शारीरिक दिक्कत हो सकती है। विवाह योग्य लोगों की शादी हो सकती है। लव लाइफ में सफलता मिलेगी। क्रोध और अहंकार प्रेम का दुश्मन है, इन पर नियंत्रण रखें। संतान के विवाह की बाधाएं दूर होंगी। भगवान शिव की पूजा करें। शिवलिंग की उपासना करें। महामृत्युंजय मंत्र जपें। गरीबों में अन्न-वस्त्र दान करें।



**कुंभ राशि : राशि अक्षर :** गु, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा

कुंभ राशि वालों के लिए साल 2026 आर्थिक रूप से समृद्धि भरा रहेगा। आपको चल-अचल संपत्ति मिलेगी। 2 अप्रैल से 16 सितंबर और 13 अक्टूबर से 14 दिसंबर तक आर्थिक उन्नति का समय है। जनवरी-फरवरी में खर्चे ज्यादा रहेंगे।

यह साल राजनीति करने वालों के लिए सफलता और सम्मान भरा होगा। बड़े नेताओं से अच्छे संबंध फायदा देंगे। प्रशासनिक सेवा वाले बहुत अच्छा काम करेंगे। हनुमान जी की उपासना से सफलता मिलेगी।

स्वास्थ्य बहुत अच्छा नहीं रहेगा। स्वास्थ्य सुख मध्यम रहेगा। हनुमान जी की भक्ति से लाभ होगा। बजरंग बाण का पाठ कर सकते हैं। शिव मंदिर के पास पीपल या बेल का पेड़ लगाएं। हड्डी और बीपी की दिक्कत हो सकती है। जरूरतमंदों को अन्न-वस्त्र दान करें, तो लाभ होने की संभावना है।

शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की संभावना है। सिविल सेवा की तैयारी करने वाले बहुत अच्छा करेंगे। तकनीकी और प्रबंधन के स्टूडेंट्स सफल रहेंगे और विदेश जा सकते हैं।

प्रेम जीवन बहुत सुखमय रहेगा। संतान के विवाह की बाधाएं दूर होंगी। प्रेम में विश्वास और सत्यता बनाएं रखें। प्यार में विश्वास और समर्पण ही सब कुछ है। जीवनसाथी से सत्य बोलें। क्रोध प्रेम में बाधा डाल सकता है। यह साल आर्थिक उपलब्धियों का है। सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। श्री गणेश जी की उपासना से मनोकामनाएं पूरी होंगी।



**मीन राशि : राशि अक्षर :** दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची


मीन राशि वालों के लिए 2026 संघर्ष के बाद सफलता का साल है। रियल एस्टेट और शेयर में निवेश करें, तो लाभ की संभावना है। अप्रैल तक खर्चे थोड़े ज्यादा रहेंगे। 13 मई से 16 अगस्त और 14 दिसंबर तक धन की बरसात होगी। इस साल कोई बड़ा पुरस्कार मिल सकता है। संतान की शिक्षा पर 25 फरवरी से 30 जून तक खर्च ज्यादा रहेगा।

स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। अगस्त से सितंबर तक थोड़ी दिक्कत हो सकती है। सांस के मरीज सावधानी रखें। जनवरी से मार्च तक समय अच्छा नहीं है। राहु और शनि से जुड़े द्रव्य बुधवार और शनिवार को दान करें। बीपी और शुगर वाले सावधानी रखें।

शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। धार्मिक यात्राएं बहुत होंगी। आध्यात्मिक तरक्की होगी। राजनीति वाले बहुत सफल रहेंगे। बंगलामुखी अनुष्ठान से सफलता और सम्मान मिलेगा।

शिव उपासना करें। शिव पुराण का पाठ करें। तिल, अन्न और वस्त्र दान करें। पुखराज या टोपाज पहनें। हर महीने एकादशी को विष्णु मंदिर जाएं और विग्रह की 4 परिक्रमा करें।

# काफी खट्टी मीठी यादें छोड़ गया 2025



अजय कुमार

साल 2025 इतिहास के पन्नों में सिमट चुका है। प्रत्येक की तरह बीता साल भी कुछ मीठी-खट्टी, दुख-दर्द, हंसी-खुशी भरी यादें और उत्थान-पतन की कहानी छोड़कर गया है। प्रदेश के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक हालात में कई महत्वपूर्ण घटनाएँ घटित हुईं, जिनका व्यापक असर राज्य की जनता पर पड़ा। 2025 में राज्य में घटित महत्वपूर्ण घटनाओं, अपराध, विकास कार्य, कानून व्यवस्था और राजनीतिक हलचलों की कहानी काफी कुछ कहती है। पूरे साल 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों की तैयारी ने सभी दलों को जोर-शोर से सक्रिय रखा। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सत्ता मजबूत करने के लिए उत्तर प्रदेश गौरव यात्रा का आयोजन किया, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 75 जिलों का दौरा कर 5 करोड़ से अधिक लोगों को संबोधित किया। विपक्षी दलों, खासकर समाजवादी पार्टी ने सामाजिक न्याय यात्रा चलाई, जिसमें अखिलेश यादव ने दो करोड़ युवाओं को जोड़ा। संभल और बरेली में कट्टरपंथियों की हिंसा से प्रदेश की छवि धूमिल हुई। वक्फ बोर्ड के नए कानून ने भी काफी हलचल बनाए रखी।

उधर, एक अन्य घटनाक्रम में अराजनैतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रदेश में लगनी वाली शाखाओं की संख्या बढ़कर 50 हजार हो गई, जिससे हिंदुत्व की लहर तेज हुई। कांग्रेस ने भी पुनरुत्थान की कोशिश की, लेकिन मात्र 5 फीसदी वोट शेयर के साथ असफल रही। महत्वपूर्ण घटना रही राम मंदिर का पूर्ण उद्घाटन हुआ, जहां 10 लाख श्रद्धालु पहुंचे। इसी साल प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले को भी नहीं भूला जा सकता है, 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित मेले में करीब सत्तर करोड़ भक्तों ने संगम में डुबकी लगाई, जिसमें बड़ी संख्या में विदेशी भी शामिल थे।

**आर्थिक उत्थान की नई ऊंचाइयां :**

उत्तर प्रदेश ने आर्थिक मोर्चे पर रिकॉर्ड तोड़ा। राज्य की जीडीपी वृद्धि दर 8.5% रही, जो राष्ट्रीय औसत 7% से अधिक थी। एक जिला एक उत्पाद योजना से 20 लाख रोजगार सृजित हुए। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 500 नई इकाइयां स्थापित हुईं, जिनसे 10,000 करोड़ का निवेश आया। कृषि क्षेत्र में सूर्यास्त से पहले बिक्री योजना से किसानों को 50,000 करोड़ का लाभ हुआ। 1 करोड़ से अधिक किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। पर्यटन में अयोध्या का योगदान सबसे बड़ा रहा, जहां 2 करोड़ पर्यटक आए और 15,000 करोड़ की आय हुई। बुनियादी ढांचे में 10 नए हवाई अड्डे चालू हुए, जिससे निर्यात 30% बढ़ा। महंगाई दर 5% पर नियंत्रित रही, लेकिन बेरोजगारी 6% पर स्थिर रही। कुल 25 लाख नौकरियां पैदा हुईं, जो राज्य को भारत का दूसरा सबसे बड़ा अर्थतंत्र बनाया।

**सामाजिक परिवर्तनों की लहर :**

सामाजिक क्षेत्र में 2025 ने कई मील के पत्थर गाड़े। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से लड़कियों का स्कूल नामांकन 95% पहुंचा। 50 लाख बालिकाओं को साइकिल वितरित की गईं। जातिगत जनगणना की मांग तेज हुई, जिसमें ओबीसी आबादी 52% बताई गई। वहीं महिला सशक्तिकरण में 2 लाख स्वयं सहायता समूह बने, जिन्होंने 5,000 करोड़ का कारोबार किया। कोविड के बाद स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से शिशु मृत्यु दर 20 प्रति हजार घटी। ग्रामीण विद्युतीकरण 100% हो गया, तीन करोड़ घरों में बिजली पहुंची। दलित-मुस्लिम एकता की घटनाएं बढ़ीं, लेकिन सांप्रदायिक तनाव के 200 मामले दर्ज हुए। शिक्षा में 1,000 नए स्कूल खुले, साक्षरता दर 82% हो गई।

**अपराध और कानून व्यवस्था की चुनौतियां**

कानून व्यवस्था में मिश्रित परिणाम आए। अपराध दर 15% घटी, 2 लाख मामले दर्ज हुए। पुलिस मॉडर्नाइजेशन से 5,000 सीसीटीवी कैमरे लगे। गैंगस्टर एक्ट के तहत 500 गिरोहबाज जेल पहुंचे। वहीं महिला अपराधों में 20% वृद्धि हुई, 50,000 मामले दर्ज। लव जिहाद के 1,000 केस सामने आए। साइबर अपराध 40% बढ़े, 10,000 शिकायतें आईं। नार्को ड्रग्स जब्ती में रिकॉर्ड 500 किलो हेरोइन पकड़ी गई। पुलिस भर्ती में 60,000 पद भरे गए। बीते साल खूंखार अपराधियों की मृत्यु से माफिया राज कमजोर हुआ। हालांकि, 100 पुलिस मुठभेड़ों में 200 अपराधी ढेर हुए, जिस पर विवाद रहा। कुल मिलाकर, अपराध नियंत्रण में 70% सफलता मिली।

**उत्थान-पतन की समग्र कहानी :**

2025 उत्तर प्रदेश के लिए उम्मीदों भरा साल साबित हुआ। राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक उछाल और विकास कार्यों ने राज्य को नई ऊंचाई दी। 10 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिला। चुनौतियां जैसे अपराध और बेरोजगारी बनी रहीं, लेकिन कानून व्यवस्था मजबूत हुई। भविष्य में 2027 चुनाव निर्णायक होंगे। योगी सरकार को 55% लोकप्रियता मिली। सामाजिक एकता बढ़ी, लेकिन जातिगत समीकरण जटिल बने। कुल 2,500 करोड़ की कल्याण योजनाएं चलीं। यह साल इतिहास में विकास का वर्ष के रूप में दर्ज होगा, जहां दर्द के साथ खुशियां भी बंटीं।

**आर्थिक उत्थान की नई ऊंचाइयां :**

उत्तर प्रदेश ने आर्थिक मोर्चे पर रिकॉर्ड तोड़ा। राज्य की जीडीपी वृद्धि दर 8.5% रही, जो राष्ट्रीय औसत 7% से अधिक थी। एक जिला एक उत्पाद योजना से 20 लाख रोजगार सृजित हुए। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 500 नई इकाइयां स्थापित हुईं, जिनसे 10,000 करोड़ का निवेश आया। जबकि कृषि क्षेत्र में सूर्यास्त से पहले बिक्री योजना से किसानों को 50,000 करोड़ का लाभ हुआ। 1 करोड़ से अधिक किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। पर्यटन में अयोध्या का योगदान सबसे बड़ा रहा, जहां 2 करोड़ पर्यटक आए और 15,000 करोड़ की आय हुई। बुनियादी ढांचे में 10 नए हवाई अड्डे चालू हुए, जिससे निर्यात 30% बढ़ा। महंगाई दर 5% पर नियंत्रित रही, लेकिन बेरोजगारी 6% पर स्थिर रही। कुल 25 लाख नौकरियां पैदा हुईं, जो राज्य को भारत का दूसरा सबसे बड़ा अर्थतंत्र बनाया। आवास योजना से 20 लाख गरीबों को घर मिले। जल जीवन मिशन से 5 करोड़ घरों में नल जुड़ें। सौर ऊर्जा क्षमता 10,000 मेगावाट पहुंची। गंगा एक्सप्रेसवे पूरा होने से लॉजिस्टिक्स लागत 30% घटी। उद्योग नीति से 50 हजार करोड़ का निवेश आया। डिजिटल इंडिया से 90% गांव इंटरनेट से जुड़े। पर्यावरण में 1 करोड़ पेड़ लगाए गए। ये कार्य राज्य को ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर ले गए।

**बुलडोजर कार्रवाई :**

2025 में उत्तर प्रदेश सरकार ने अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई को तेज किया। यह कार्रवाई मुख्य रूप से माफिया और उनके अवैध निर्माणों पर केंद्रित थी। सरकार का कहना था कि यह कदम राज्य में अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश देने के लिए था। कई माफिया और गुंडे, जिनके पास बड़े अवैध निर्माण और संपत्ति थी, उन पर बुलडोजर से कार्रवाई की गई। हालांकि इस कार्रवाई को लेकर राजनीतिक विवाद भी उठे, और कई विपक्षी दलों ने इसे अवैध और तानाशाही करार दिया। उत्तर प्रदेश पुलिस ने कई बड़े अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। राज्य सरकार ने पुलिस को और अधिक अधिकार दिए ताकि वे अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकें। इसके परिणामस्वरूप, कुछ प्रमुख अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और उनकी संपत्तियों को जब्त किया गया।

**सुधार की दिशा में कदम :**

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। पुलिस व्यवस्था में सुधार करने के लिए नए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इसके अलावा, पुलिस स्टेशनों में तकनीकी उपकरणों की संख्या बढ़ाई गई, ताकि अपराधियों को पकड़ने में मदद मिल सके। महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी विशेष कदम उठाए गए। महिला पुलिस बलों की संख्या में वृद्धि की गई और महिला हेल्पलाइन की सुविधा को और प्रभावी बनाया गया। हालांकि, इसके बावजूद, महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं में कमी आने के बजाय उनका प्रतिशत कुछ हद तक बढ़ा। 2025 में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के विकास कार्यों पर जोर दिया। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, और बुनियादी ढांचे में सुधार की दिशा में कई परियोजनाएँ शुरू की गईं। राज्य सरकार ने किसानों के लिए कर्ज माफी योजनाओं की घोषणा की और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी दी। हालांकि, बेरोजगारी की समस्या अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी रही। राज्य में नए उद्योगों की स्थापना के बावजूद, बेरोजगारी दर में कोई खास कमी नहीं आई।

**शहरीकरण और इन्फ्रास्ट्रक्चर :**

मुख्य रूप से शहरी इलाकों में इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ। कई बड़े शहरों में मेट्रो परियोजनाओं की शुरुआत की गई। राजधानी लखनऊ और कानपुर जैसे शहरों में नई सड़कें, फ्लाईओवर्स, और आवासीय परियोजनाएँ शुरू हुईं।

**राजनीतिक माहौल और दलों का रवैया :**

2025 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में जबरदस्त हलचल देखने को मिली। राज्य में प्रमुख राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.), समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस के बीच जोरदार चुनावी संघर्ष देखने को मिला। इन दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति रही। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए हिंदू मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए कई योजनाओं का ऐलान किया। सरकार ने हिंदू धार्मिक स्थलों के विकास के लिए बजट बढ़ाया और हिंदू धर्म से जुड़े कई विवादित मुद्दों पर भी आवाज उठाई।

**राजनीतिक दलों का रवैया समाजवादी पार्टी**

सपा ने मुसलमानों और पिछड़े वर्गों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की। सपा ने यह दावा किया कि वह समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा करती है। पार्टी ने राज्य में कई विकास परियोजनाओं के लिए वादे किए और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

**बहुजन समाज पार्टी :**

बसपा ने दलितों और पिछड़े वर्गों को ध्यान में रखते हुए अपनी राजनीति को आगे बढ़ाया। मायावती ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में दलितों के अधिकारों की बात की और अपनी पार्टी को एक मजबूत विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। 2025 में पूरे साल राजनीतिक दलों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। भारतीय जनता पार्टी ने अपने शासन को बनाए रखने के लिए व्यापक प्रचार किया, जबकि सपा और बसपा ने अपनी पहचान मजबूत करने की कोशिश की। कांग्रेस पार्टी ने हिंदू-मुस्लिम सियासत और ध्रुवीकरण की बढ़ती स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश की।

उत्तर प्रदेश में बीता साल हिंदू-मुस्लिम सियासत एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरा। हिंदू वोट बैंक को साधने के लिए भाजपा ने कई धार्मिक मुद्दों को हवा दी। वहीं, सपा और बसपा ने मुस्लिम वोटों को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश की। इस स्थिति ने राज्य में सामाजिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दिया, जिससे शांति और सद्भाव की स्थिति प्रभावित हुई। हिंदू-मुस्लिम मुद्दों ने राज्य की राजनीति में स्थिरता को खतरे में डाल दिया। धार्मिक असहमति और भेदभाव की भावना ने राज्य में तनाव को बढ़ाया, हालांकि राज्य सरकार ने इस पर नियंत्रण पाने के प्रयास किए।

-वरिष्ठ पत्रकार

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

# बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर केंद्र में 25 सालों तक भाजपा को कोई हिला नहीं सकता : अमित शाह

## भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा- दिल पर लिखकर रख लीजिए, इस बार बनेगी हमारी सरकार

- बंगाल प्रवास के अंतिम दिन गृह मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं का बढ़ाया जोश
- कहा- टीएमसी के शासन में बंगाल में मां-माटी व मानुष खतरे में
- 2026 विधानसभा चुनाव के बाद बंगाल में भाजपा सरकार बनाना हमारा लक्ष्य


बंगाल दौरे के अंतिम दिन ठनठनिया कालीबाड़ी में पूजा-अर्चना करतें गृह मंत्री अमित शाह

**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव बंगाल के लिए निर्णायक हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं से उन्होंने पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया। तीन दिवसीय बंगाल प्रवास के अंतिम दिन कोलकाता के साइंस सिटी सभागार में भाजपा के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ बंद कमरे में हुई बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने बदलाव की हुंकार भरते हुए कहा कि इस बार टीएमसी का जाना तय है। गृह मंत्री ने कहा कि बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर केंद्र में आने वाले 25 सालों तक भाजपा को कोई हिला नहीं सकता। बंगाल में टीएमसी के भ्रष्टाचार, हिंसा, तुष्टीकरण और कुशासन के खिलाफ जनाक्रोश सत्ता परिवर्तन का सबसे बड़ा संकेत है। उन्होंने कहा कि 2026 विधानसभा चुनाव के बाद बंगाल में भाजपा सरकार बनाना ही हमारा लक्ष्य है। ममता सरकार पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि टीएमसी के शासन में घुसपैठ और भ्रष्टाचार दोनों ने संस्थागत दर्जा हासिल कर लिया है और इन बुराइयों के प्रभाव से कोई भी क्षेत्र लंबे समय तक अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने टीएमसी के मां-माटी व मानुष के नारे पर प्रहार करते हुए कहा कि ममता के शासन में आज बंगाल की महिलाएं, मिट्टी और लोग तीनों असुरक्षित हैं। भाजपा के आने पर ही इन तीनों की वास्तविक रक्षा होगी।

बैठक में मौजूदा एक नेता के अनुसार, गृह मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आपलोग अपने दिल पर लिख लें कि इस बार भाजपा बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अप्रैल में चुनाव व वोटों की गिनती खत्म होने तक अभी सब काम छोड़कर सिर्फ और सिर्फ पार्टी की जीत के लिए काम करने का आह्वान किया।

### ❑ कोलकाता व आसपास की 28 में से 20 सीटें जीतने का दिया लक्ष्य

बूथ व मंडल स्तरीय इस बैठक में कोलकाता व आसपास के चार लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 28 विधानसभा क्षेत्रों के जमीनी कार्यकर्ताओं सहित पूरा प्रदेश नेतृत्व, संगठन पदाधिकारियों और चुनावी रणनीति से जुड़े प्रमुख चेहरे मौजूद थे। शाह ने बैठक में कोलकाता व आसपास की 28 विधानसभा सीटों में से कम से कम 20 सीटें जीतने का लक्ष्य दिया, जो टीएमसी का गढ़ माना जाता है। शाह ने कार्यकर्ताओं से स्पष्ट कहा कि घुसपैठ का खतरा साफ तौर पर मौजूद है और अगर लोग इस खतरे से नहीं लड़ेंगे तो वे इससे बुरी तरह प्रभावित होंगे।

## पीएम मोदी 18 जनवरी को मालदह से कर सकते हैं चुनावी सभा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पीएम मोदी राज्य में अपने चुनाव अभियान का आगाज 18 जनवरी को मालदह से कर सकते हैं। मालदह को उत्तर बंगाल का प्रवेश द्वार माना जाता है और यह मुस्लिम बहुल आबादी वाला क्षेत्र हैं। स्थानीय भाजपा सांसद खगेन मुर्मु ने बुधवार को कहा कि पार्टी ने प्रधानमंत्री कार्यालय को उनके बंगाल दौरे के लिए 18 जनवरी की तारीख तय करने की जानकारी दी है। दौरे की मंजूरी मिलने के बाद आसपास के चार जिलों के पार्टी नेताओं को भी बुलाया जायेगा। भाजपा सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री जनवरी और फरवरी में कई सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करेंगे।

## नंदिनी चक्रवर्ती पहली महिला मुख्य सचिव बनीं, जगदीश प्रसाद मीणा गृह सचिव नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** वरिष्ठ अधिकारी नंदिनी चक्रवर्ती को बुधवार को पश्चिम बंगाल का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। इसी के साथ वह राज्य में इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला बन गईं हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। नंदिनी चक्रवर्ती ने मनोज पंत का स्थान लिया है, जो 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले थे। हालांकि, उन्हें एक जुलाई से 31 दिसंबर तक छह महीने का सेवा विस्तार दिया गया था। अधिकारी ने बताया कि


नंदिनी चक्रवर्ती अब तक राज्य के गृह सचिव की भूमिका निभा रही थीं और अब उनके स्थान पर जगदीश प्रसाद मीणा को नियुक्त किया गया है।

# घुटने और हिप रिप्लेसमेंट में रोबोटिक क्रांति!


Dr Santosh Kumar

कोलकाता स्थित बेले व्यू क्लिनिक में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक, प्रसिद्ध जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. संतोष कुमार के पास 17 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने अब तक 35 हजार से अधिक सफल सर्जरी की हैं। वह **संतोष कुमार** हिप और नी फाउंडेशन और मोमेंटम ऑर्थोकेयर के संस्थापक भी हैं, जो जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन का एक समर्पित समूह है, जो हिप और घुटने के प्रतिस्थापन में नवीनता और सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**डॉ. कुमार** का मानना है कि एक संगठन की ताकत उसकी टीम में होती है। उनकी टीम में कई विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जन, चिकित्सक, सहायक, तकनीशियन और फिजियोथेरेपिस्ट शामिल हैं। डॉ. कुमार का उद्देश्य व्यक्तिगत कौशल, दक्षता, व्यापक अनुभव और विश्वास को स्वास्थ्य सेवा के फ्रंटलाइन में एकीकृत करना है।

साल 2011 में, **डॉ. कुमार** ने कंप्यूटर-समर्थित जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए 'ऑर्थोपायलट' उपकरण का उपयोग किया था। पिछले वर्ष, उन्होंने इस प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के लिए रोबोटिक आर्म का भी समावेश किया, जिससे सर्जरी में और अधिक सटीकता प्राप्त हो रही है। हिप और घुटने के प्रतिस्थापन में बायोमेकानिक्स, जैसे एक सस्पेंशन ब्रिज की यांत्रिकी, का महत्व है और यह बेहतर तरीके से नेविगेशन और रोबोटिक आर्म द्वारा हासिल किया जाता है।

**डॉ. संतोष कुमार** यह भी मानते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑगमेंटेड रियलिटी



जैसे आधुनिक उपकरण अब सर्जन के हाथों में हैं, जो सर्जरी को और भी सटीक और प्रभावी बनाते हैं। डॉ. कुमार का उद्देश्य घुटना और हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूने के साथ-साथ मरीजों को बेहतर जीवन जीने के अवसर प्रदान करना है। उनके नेतृत्व में, मोमेंटम ऑर्थोकेयर और संतोष कुमार हिप और नी फाउंडेशन ने सर्जरी में एक नया मानक स्थापित किया है।

डॉ. कुमार का कहना है कि सही तरीके से किया गया जॉइंट रिप्लेसमेंट 25 वर्षों से अधिक तक चल सकता है और अगर आवश्यक हो, तो इसे पुनः किया जा सकता है, जिसे 'रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट' कहा जाता है। डॉ. कुमार और उनकी टीम कोलकाता में नियमित रूप से इन रिवीजन प्रक्रियाओं का संचालन करते हैं।

### नवीनतम तकनीक

**डॉ. संतोष कुमार** ने घुटने और हिप रिप्लेसमेंट में नए विकास के बारे में बताया। उन्होंने मोबाइल बेयरिंग रोटेटिंग प्लेटफॉर्म घुटने के रिप्लेसमेंट की बात की, जो खासतौर पर पैरों को क्रॉस करके बैठने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इसके अलावा, कम संपर्क तनाव डिजाइन से इम्प्लांट के जीवनकाल में वृद्धि होती है। काइनेमेटिक एलाइमेंट का उपयोग करके मेडियल पिवट घुटने ने घुटने के कृत्रिम जोड़ को जितना संभव हो प्राकृतिक घुटने के करीब लाने में मदद की है। **डॉ. संतोष कुमार** का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को दर्द रहित बनाना उनका प्रमुख उद्देश्य है, जिसे उच्च सटीकता वाली नर्व ब्लॉक्स और मल्टीमोडल एनाल्जेसिया तकनीकों द्वारा प्राप्त किया जाता है।

-स्टिचलेस सर्जरी का नया युग

**डॉ. कुमार** बताते हैं कि आजकल वे स्टिचलेस सर्जरी करते हैं, जिससे मरीज को सर्जरी के कुछ ही दिनों बाद स्नान करने की अनुमति मिलती है और कोई भी स्टिच हटाने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे लगभग कोई निशान भी नहीं रहता।

-जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए सुलभ और किफायती हब

डॉ. संतोष कुमार का कहना है कि संतोष कुमार हिप और नी फाउंडेशन और मोमेंटम ऑर्थोकेयर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पूर्व भारत में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए एक किफायती और स्थानीय केंद्र बनाना था।

-फ्री वीडियो कंसल्टेशन और यात्रा खर्च की सुविधा

इसके अलावा, **डॉ. कुमार** अपने मरीजों और उनके साथ आने वाले रिश्तेदारों के लिए बिहार और झारखंड से इलाज के लिए आने वाले मरीजों के यात्रा खर्च को भी वापस करते हैं और उन्हें मुफ्त वीडियो कंसल्टेशन की सुविधा भी प्रदान करते हैं।

**डॉ. संतोष कुमार** और उनकी टीम का उद्देश्य जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके मरीजों को बेहतर और दर्दमुक्त जीवन प्रदान करना है।

Dr Santosh Kumar activating the Robotic Arm during Robotic Knee Replacement





For additional information, feel free to communicate with Dr. Santosh Kumar at Plot number 236, Lake Town, Block B, Kolkata 700089; email: sandr@gmail.com; WhatsApp or call: 6289962271 / 9831911584; or visit: Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata.



# भाजपा सांसदों-विधायकों की बैठक मेंविधानसभा चुनाव को लेकर मंथन

## सुरक्षित, सशक्त और विकासशील बंगाल के निर्माण का लिया संकल्प

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तीन दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरे के तहत बुधवार को सॉल्टलेक स्थित एक निजी होटल में प्रदेश भाजपा के सांसदों एवं विधायकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी, संगठनात्मक मजबूती और चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा करना रहा। बैठक में चुनावी रोडमैप, बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करने, जनसंपर्क अभियानों को तेज करने और सरकार की नीतियों को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। नेताओं ने आगामी चुनावों में एकजुट होकर मैदान में उतरने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए कहा गया कि स्वतंत्रता संग्राम और धार्मिक पुनर्जागरण का केंद्र रहा पश्चिम बंगाल आज तृणमूल कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में अवैध घुसपैठ बढ़ी है, जिससे सामाजिक संतुलन और सुरक्षा पर असर पड़ा है। भाजपा नेताओं ने स्पष्ट किया कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस विधानसभा चुनाव में पूरे समर्पण के साथ प्रदेश को सुरक्षित, सशक्त और विकासशील बनाने के लक्ष्य के लिए काम करेगा। पार्टी ने दोहराया कि जनता के विश्वास के साथ पश्चिम बंगाल में एक मजबूत और स्थिर सरकार बनाना भाजपा का संकल्प है।




### चुनाव से पहले सुलह के संकेत, शाह की बैठक में दिलीप घोष की वापसी

**विधानसभा चुनाव में भले ही अभी कुछ महीने बाकी हों, लेकिन भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को साल्टलेक स्थित एक होटल में राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक की। इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य समेत पार्टी के तमाम सांसद, विधायक और संगठन के प्रभावशाली नेता मौजूद थे। खास बात यह रही कि बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष की मौजूदगी ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा को जन्म दे दिया। लगभग आठ महीनों के लंबे अंतराल के बाद दिलीप घोष को पार्टी की किसी बड़ी और सार्वजनिक बैठक में आमंत्रित किया गया। अमित शाह ने खुद उनसे मुलाकात की और कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में उन्हीं नेताओं को प्राथमिकता दी गई जिन्हें चुनाव में टिकट या प्रचार की अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है। इस बैठक के जरिए साफ संकेत मिला है कि भाजपा में लंबे समय से चली आ रही अंदरूनी दूरियां अब कम हो रही हैं।**

न्यूज अपडेट

### हावड़ा मंडल ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यात्रियों को दिया सुरक्षा का संदेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा आम जनता के बीच रेल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रेलवे स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित रेल व्यवहार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस पहल के तहत 29 दिसंबर 2025 को मासाग्राम एवं शक्तिगढ़ रेलवे स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटकों का सफल आयोजन किया गया। इन नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यात्रियों तथा आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से रेल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। प्रस्तुतियों के दौरान सुरक्षित रेल प्रथाओं पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें फुट ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का उपयोग, सिग्नलों एवं लेवल क्रॉसिंग नियमों का पालन तथा रेलवे पटरियों के पास मोबाइल फोन के उपयोग से बचने जैसे विषय शामिल थे। हावड़ा मंडल ने सभी यात्रियों और नागरिकों से सतर्क एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील की है।

### आज कल्पतरु उत्सव के दौरान दक्षिणेश्वर-काशीपुर उद्यानबटी में यातायात नियंत्रण

**कोलकाता, समाज्ञा :** आज, साल के पहले दिन, दक्षिणेश्वर और काशीपुर उद्यानबटी में कल्पतरु उत्सव है। इस दिन, लाखों भक्त इकट्ठा होंगे। कल्पतरु उत्सव के मौके पर बीटी रोड पर ट्रैफिक नियंत्रित रहेगा। कोलकाता ट्रैफिक पुलिस की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि 1 जनवरी को सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक बीटी रोड और काशीपुर रोड पर उत्तर दिशा से मालवाहक वाहनों को चलने की अनुमति नहीं होगी। रवींद्र सरणी और केके ठाकुर स्ट्रीट क्रॉसिंग, विवेकानंद रोड और चित्तरंजन एवेन्यू क्रॉसिंग, ग्रे स्ट्रीट और बीके पाल एवेन्यू क्रॉसिंग, मानिकतला क्रॉसिंग, रवींद्र सरणी और, ग्रे स्ट्रीट और राजा दिनेंद्र स्ट्रीट क्रॉसिंग, गलीफ स्ट्रीट और बिधान सरणी क्रॉसिंग, बेलियाघाटा रोड और आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड क्रॉसिंग, स्टैंड रोड और केके टैगोर स्ट्रीट क्रॉसिंग, बीटी रोड और राजा मनिंद्र रोड क्रॉसिंग, बीटी रोड और दमदम रोड क्रॉसिंग, बीटी रोड और काशीनाथ दत्ता रोड क्रॉसिंग, काशीपुर रोड और खगेन चटर्जी रोड क्रॉसिंग, क्षीरोदप्रसाद विद्याबिनोद एवेन्यू और गलीफ स्ट्रीट क्रॉसिंग, चित्तरंजन एवेन्यू और न्यू सीआईटी रोड क्रॉसिंग क्रॉसिंग और रवींद्र सरणी क्रॉसिंग के कारण, उत्तर की ओर जाने वाले किसी भी मालवाहक वाहन को इन सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं होगी। केवल एलपीजी, पेट्रोलियम, तेल, लुब्रिकेंट्स, ऑक्सीजन, दूध, सब्जियां और फल जैसी आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छूट दी गई है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर मल्लिक फाटक में श्रद्धा का उत्सव



**हावड़ा :** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर मल्लिक फाटक हनुमान भक्त मंडल द्वारा प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस मौके पर क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और आस्था का विशेष वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल से ही विधिवत पूजा, हवन और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई। पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। संध्या समय कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 3101 दीपों का सामूहिक प्रज्वलन रहा। दीपों की जगमगाहट से पूरा इलाका भक्तिमय प्रकाश से रोशन हो गया। इस अवसर पर इलाके की माताएं, बहनें, बच्चे, बुजुर्ग और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया। हनुमान भक्त मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की स्मृति को जीवंत रखना तथा समाज में एकता, श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

### हावड़ा में दो जगह भयावह आग, जूट गोदाम जलकर राख व श्यामपुर में पांच दुकानें खाक


**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले में कुछ ही घंटों के अंतराल पर दो अलग-अलग स्थानों पर भयावह आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। पहली घटना मंगलवार की रात करीब 10 बजे बाउड़िया के नॉर्थ मिल इलाके में स्थित एक जूट गोदाम में हुई। मिल के कर्मचारियों ने गोदाम के भीतर आग की लपटें उठती देखीं और तुरंत अधिकारियों को सूचना दी। शुरुआत में, मिल में मौजूद अग्निशमन उपकरणों से आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन आग इतनी तेजी से फैल गई कि उस पर काबू पाना संभव नहीं हो सका। देखते ही देखते पूरा गोदाम आग की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर उलूबेड़िया से दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन आग पर नियंत्रण नहीं हो पाया। इसके बाद, आलमपुर और हावड़ा से दो और दमकल वाहन बुलाए गए। देर रात तक आग पूरी तरह काबू में नहीं आ सकी थी। दमकल कर्मियों के अनुसार जूट होने की वजह से आग बुझाने में काफी दिक्कत आ रही है। दूसरी घटना, सोमवार की देर रात करीब 2 बजे श्यामपुर के बेलपुकुर कलवर्ट के पास हुई। सड़क किनारे स्थित एक दुकान में अचानक आग लग गई, जो देखते ही देखते आसपास की दुकानों में फैल गई। इस घटना में कुल पांच दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सबसे पहले एक दुकान में आग लगी थी, देखते ही देखते आग पास की दुकानों तक फैल गई। उलूबेड़िया से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग में दो फल की दुकानें, एक चाय की दुकान, एक स्टेशनरी दुकान और एक किराना दुकान को भारी नुकसान हुआ है। दमकल विभाग का प्राथमिक अनुमान है कि बिजली की खराबी के कारण आग लगी हो सकती है। पुलिस और दमकल विभाग दोनों ही मामलों में आग लगने की वजहों की जांच कर रहे हैं।

### एगरा में सड़क हादसे में व्यवसायी की मौत, एक घायल

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के एगरा में मंगलवार की शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में बालीघाई के प्रसिद्ध मधु चनाचुर एवं बाबू बाजार के मालिक मधुसूदन माइती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बालीघाई निवासी मधुसूदन माइती (35) के रूप में हुई है, जो क्षेत्र में मधु चनाचुर और बाबू बाजार के मालिक के तौर पर परिचित थे। हादसे में घायल दूसरे युवक का नाम शिवशंकर खाटुआ बताया गया है। हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना एगरा-दो ब्लॉक के विवेकानंद ग्राम पंचायत अंतर्गत पाकरघाट बस स्टैंड के समीप कांथी-बेलदा सड़क पर हुई। तेज रफ्तार बाइक की सामने से आ रही एक लॉरी से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवारों में से एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल दूसरे युवक को पहले एगरा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कोलकाता रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर एगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

न्यूज ब्रीफ

### सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं : स्वामी गिरिशानंद



**कोलकाता :** सभी को जय सियाराम। पाश्चात्य संस्कृति के अनुसार सभी को हैपी न्यू ईयर। लेकिन हैपी कोई भी व्यक्ति तभी हो सकता है जब वह आनंदस्वरूप श्रीकृष्ण के नजदीक हो। भगवान श्रीकृष्ण का एक विशेष स्वभाव है वह हर परिस्थिति में मुस्कुराते रहते हैं अर्थात् हैपी रहते हैं। सच्चाई से अगर हैपी होना हो तो किसी भी माध्यम से श्रीकृष्ण से जुड़ना होगा। जो मदिरापान करके हैपी न्यू ईयर मनाते हैं, वे होश में नहीं होते। ऐसी स्थिति में उन्हें कैसे पता चलेगा कि वे हैपी हैं या अनहैपी। ये दुख के अभाव को ही सुख मानते हैं। मदिरापान के नशे में सुखी होने का अनुभव करते हैं जो कि संभव नहीं। इसलिए आनंद स्वरूप श्रीकृष्ण और किशोरी जी के रास्ते पर बढ़ो। सन् 2025से सन्2026 की इस यात्रा में बाहरी प्रगति के साथ अंतर्मन की शुद्धि को मत भूलिए। सभी सकारात्मक सोच के साथ उन्नति करें। सभी को पुन:नववर्ष की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

### मालदह में व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, इलाके में सनसनी

**मालदह :** एक व्यक्ति की असामान्य मौत को लेकर बुधवार गाजोल शहर के अभिजात इलाके नेताजी सुभाषपल्ली में सनसनी फैल गई। मृत व्यक्ति का नाम अनुराग पांडे (52) है। वह उत्तर प्रदेश का निवासी था और एक टावर कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। सूत्रों के अनुसार, सुबह में सीढ़ी घर का दरवाजा खोलने पर मकान मालिक मृणाल राय ने अनुराग का शव पड़ा हुआ देखा। यह दृश्य देखते ही उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही गाजोल थाने की प्रभारी आशीष कुंडू घटनास्थल पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने शव को बरामद कर गाजोल स्टेट जनरल अस्पताल भेजा। जहां से पुलिस ने असामान्य मृत्यु का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मालदह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। व्यक्ति की मौत किन कारणों से हुई, इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है।

## इज्तेमा में हुमायूं कबीर के खिलाफ लगे 'गौ बैक' के नारे



**हुगली, समाज्ञा :** इज्तेमा स्थल पर जाने के दौरान भरतपुर के विधायक व जनता विकास पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर को कथित रूप से अपमान और विरोध का सामना करना पड़ा। उनके खिलाफ गो-बैक के नारे लगाए गए। हुमायूं कबीर ने इस घटना के लिए तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया है, हालांकि तृणमूल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। इस घटना को लेकर हुगली के दादपुर के पुइनान इलाके में तनाव फैल गया। हुमायूं कबीर का दावा है कि वह इज्तेमा स्थल पर नमाज अदा करने गए थे। लेकिन, प्रवेश द्वार पर ही महेश्वरपुर में उन्हें घेरकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद, जहां इज्तेमा का आयोजन हो रहा था, यानी पुइनान पहुंचने पर भी एक बार फिर उनके खिलाफ विरोध किया गया। वहीं, तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि हुमायूं कबीर के आरोप पूरी तरह झूठे हैं। पार्टी का दावा है कि इज्तेमा का आयोजन तृणमूल ने नहीं किया था, बल्कि यह आयोजन समिति द्वारा किया गया था। इसलिए विरोध प्रदर्शन में तृणमूल की कोई भूमिका नहीं है और हुमायूं कबीर धार्मिक स्थल पर जाकर राजनीति कर रहे हैं। वहीं, हुमायूं कबीर ने कहा कि मैं बंगाल के एक अल्पसंख्यक-बहुल इलाके का जनप्रतिनिधि हूं। वहां मुझे रोका जा रहा है। शुरुआत में ही मेरी गाड़ी के सामने खड़े होकर मुझे जाने नहीं दिया जा रहा था। हमारे उम्मीदवार इब्राहिम हाजी ने उन्हें हटाया। प्रशासन सब कुछ खड़े-खड़े देखता रहा। वजह साफ है शासक दल का इशारा है। इसलिए पुलिस कुछ नहीं कर रही थी। एक विधायक को रोका जा रहा है और पांच-छह पुलिसकर्मी घूम रहे हैं, लेकिन किसी को नहीं पकड़ रहे। तृणमूल के नेता डर गए हैं। इसका जवाब जरूर मिलेगा।



गोसाबा में बोनबीबी की पालागन के जरिये 'पथश्री' योजना का प्रचार

## बंगाल में कड़ाके की ठंड जारी, कई इलाकों में तापमान 10 डिग्री से नीचे

कोलकाता में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए आग तापते मॉर्निंग वॉकर्स



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कई हिस्सों में बुधवार को कड़ाके की ठंड का असर बना रहा और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि उप-हिमालयी जिलों में अगले एक सप्ताह तक ठंड का दौर जारी रहने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, साल के आखिरी दिन कोलकाता में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री कम है। यह इस मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान रहा। इसने बताया कि सप्ताहांत के दौरान राज्य के उप-हिमालयी जिलों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट आ सकती है। विभाग के मुताबिक, अगले तीन दिन दार्जीलिंग जिले के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश या बर्फबारी की संभावना है। राज्य के दक्षिण हिस्सों के लोगों को ठंड से कुछ राहत मिल सकती है, क्योंकि शुक्रवार से अगले तीन दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। आईएमडी ने यह भी पूर्वानुमान जताया है कि अगले चार दिन तक राज्य के सभी जिलों में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाया रह सकता है। इसी बीच, दार्जीलिंग में न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार जैसे उप-हिमालयी जिलों में अगले तीन दिन तक हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी इलाकों में श्रीनिकेतन में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसने बताया कि अन्य स्थानों पर भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जिनमें कल्याणी (सात डिग्री), बर्दवान (आठ), बांकुड़ा (आठ), कलिम्पोंग (8.3), पानागढ़ (9.2) और कलाइकुंडा (9.4) शामिल हैं।



नववर्ष की पूर्व संध्या गंगा नदी के तट पर जश्म मनातें महानगरवासी

## गंगासागर मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एम-यूटीएस व्यवस्था का निरीक्षण



**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर मेला के दौरान यात्रियों और श्रद्धालुओं को बेहतर एवं निर्बाध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारियों के तहत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम), सियालदह, जसराम मीणा ने सियालदह रेलवे स्टेशन पर एम-यूटीएस (मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली) के संचालन का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री मीणा ने स्टेशन परिसर में भीड़ नियंत्रण एवं यात्रियों की सुविधा में डिजिटल टिकटिंग की भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने एम-यूटीएस काउंटरों और डिजिटल कियोस्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मचारियों से बातचीत की तथा किसी भी संभावित तकनीकी समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि मेला अवधि के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को संभालने के लिए एम-यूटीएस प्रणाली पूरी तरह तैयार रहे। एम-यूटीएस के मूल्यांकन के क्रम में मोबाइल टिकटिंग सेवाओं की प्रभावशीलता की समीक्षा की गई और अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि भौतिक टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों को कम करने के लिए यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग के प्रति अधिक जागरूक किया जाए। गंगासागर मेला की तैयारियों के मद्देनज़र श्री मीणा ने सभी अनुभागीय प्रमुखों और स्टेशन कर्मचारियों को भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा अतिरिक्त सहायता डेस्क की तैनाती से संबंधित दिशा-निर्देश भी जारी किए। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री जसराम मीणा ने कहा कि रेलवे की प्राथमिकता प्रत्येक यात्री को सुरक्षित, सुविधाजनक और परेशानी मुक्त यात्रा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि गंगासागर मेला के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। स्टेशन को सुव्यवस्थित और भीड़-मुक्त बनाए रखने के लिए, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग यात्रियों की सुविधा हेतु, एम-यूटीएस प्रणाली के अधिकाधिक उपयोग पर जोर दिया गया।

### फिरौती के लिए अपहरण मामले में बड़ी कार्रवाई, करया और लालबाजार की संयुक्त छापेमारी में पीड़ित सुरक्षित बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** फिरौती के लिए अपहरण के एक मामले में करया थाना और लालबाजार के एंटी-रोबरी सेक्शन (एआरएस) की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नदिया जिले के कृष्णनगर इलाके में छापेमारी कर अपहृत व्यक्ति को सकुशल मुक्त करा लिया, साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, करया थाने में 30 दिसंबर 2025 को मामला दर्ज किया गया था। शिकायत अपहृत की पत्नी की ओर से दर्ज कराई गई, जिसमें बताया गया कि कुछ अज्ञात बदमाशों ने आपराधिक साजिश रचकर उनके पति आफताब महमूद का अपहरण कर लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उन्हें नदिया जिले के कृष्णगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत माजदिया-कृष्णगंज इलाके के आसपास किसी अज्ञात स्थान पर बंधक बनाकर रखा और जान से मारने की धमकी देकर चार लाख पचास हजार रुपये की फिरौती की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए करया थाना और लालबाजार के एआरएस के अधिकारियों व जवानों की एक विशेष टीम गठित की गई। गुप्त सूचना के आधार पर और कृष्णगंज थाना पुलिस के सहयोग से संयुक्त टीम ने नदिया जिले के कृष्णनगर अंतर्गत कृष्णगंज थाना क्षेत्र में अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान पीड़ित को अंबागान के पीरपुर इलाके से सकुशल बरामद कर लिया गया। रेस्क्यू के समय पीड़ित के साथ मौजूद आरोपी अशोक घोष को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसके बयान के आधार पर पुलिस ने दूसरे आरोपी प्रसांत हलदर को भी उसी इलाके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और अपहरण के पीछे शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई प्रगति पर है।

## मुर्शिदाबाद में ज्वेलरी शॉप डकैती का खुलासा, अंतरराज्यीय गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के जंगीपुर पुलिस ने सूती थाना अंतर्गत मदाना मोड़ के पास 'कोलकाता ज्वेलर्स' नामक सोने की दुकान में हुई सनसनीखेज डकैती का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के कुख्यात 'बदायूं गिरोह' के तीन पुरुष और तीन महिला सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों से डकैती में इस्तेमाल किए गए औजार और भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए। जांगीपुर के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 29 नवंबर को सूती थाना क्षेत्र के मदना चौराहे पर स्थित एक प्रसिद्ध सोने की दुकान में तड़के डकैती की वारदात हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही सूती थाने में मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और साथ ही गोपनीय सूत्रों को भी सक्रिय किया। फुटेज और तकनीकी सबूतों के आधार पर पुलिस को बदायूं जिले के एक गिरोह की गतिविधियों से समानता मिली। इसके बाद, पुलिस ने पूरी योजना के तहत ऑपरेशन चलाया। 10 दिसंबर को सूचना मिली कि यह गिरोह किसी दूसरी जगह वारदात करने की तैयारी में है। इस पर, जंगीपुर पुलिस ने बर्दवान पुलिस की मदद से बर्दवान रेलवे स्टेशन से छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील सिंह, विजय सिंह और श्याम सुंदर बदायूं जिले के रहने वाले हैं, जबकि सोनी इटावा की निवासी है और प्रियंका व रूबी जालौन जिले की रहने वाली हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया और उनकी टेस्ट आइडेंटिफिकेशन परेड भी कराई। पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आईं। इसके बाद, पुलिस ने पाकुड़ थाना क्षेत्र में एक किराए के मकान पर छापा मारा, जहां से यह गिरोह अपनी सारी प्लानिंग करता था। वहां से लोहे की छेनी, कटर, स्क्रूड्राइवर, सोने-चांदी के गहने और कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है और इस गिरोह से जुड़े और लोगों की तलाश की जा रही है। उम्मीद है कि जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




## पूर्व रेलवे का वर्ष 2026 का कार्यकारी समय सारणी जारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने बुधवार को फेयरली प्लेस स्थित पूर्व रेलवे मुख्यालय में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान वर्ष 2026 के लिए पूर्व रेलवे की कार्यकारी समय सारणी (वर्किंग टाइम टेबल) का विमोचन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक सौमित्र बिस्वास, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता देवेंद्र कुमार, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता परमानंद शर्मा, प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी राम बहादुर राय, प्रधान मुख्य अभियंता विक्रम गुप्ता सहित पूर्वी रेलवे के अन्य प्रधान अधिकारी उपस्थित थे। पूर्व रेलवे की नई कार्यकारी समय सारणी, जो 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी, में हावड़ा, सियालदह, आसनसोल एवं मालदह-इन चार मंडलों की ट्रेन परिचालन से संबंधित विस्तृत जानकारी शामिल है। इसे निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ट्रेनों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रकाशित किया गया है। इस कार्यकारी समय सारणी में शामिल परिचालन दिशानिर्देश विभिन्न विभागों के फील्ड कर्मचारियों के लिए एक संदर्भ पुस्तिका के रूप में उपयोगी होंगे, जिससे ट्रेनों की समयपालन क्षमता बढ़ेगी और यात्रियों की संतुष्टि सुनिश्चित की जा सकेगी। 1 जनवरी 2026 से लागू नई समय सारणी के अंतर्गत कई ईएमयू लोकल ट्रेनों का विस्तार तथा आवृत्ति में वृद्धि की गई है, जिससे उपनगरीय यात्रियों को आवागमन में विशेष सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही कई मेल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के यात्रा समय में भी कमी की गई है, जिससे लंबी दूरी के यात्रियों को लाभ होगा।

# संपूर्ण शरीर का टानिक है अमृतफल आंवला

पूनम दिनकर

आंवला मूलतः एक जंगली फल है मगर यह सर्वत्रा आसानी से उपलब्ध हो जाता है। आंवला सस्ता एवं गुणकारी फल है। इसे स्वास्थ्य के लिए अमृततुल्य माना जाता है। इसे धात्रीफल, अमृतफल, श्रीफल, शिव, तुष्णा, अमृता आदि अनेक नामों से जाना जाता है। इस छोटे किंतु गुणों में मोटे फल में अनेक रोगों की चिकित्सा करने की अचूक ताकत है। इसका प्रयोग च्यवनप्राश, अचार, मुरब्बा, शर्बत, चूर्ण एवं त्रिफला के रूप में बहुतायत से किया जाता है।

चरक संहिता के अनुसार आंवले की तासीर ठण्डी है। इसका प्रयोग खांसी, जुकाम, श्वांस, अरूचि, बवासीर, साइटिका, दर्द, सूजन, रक्तपित्त, हृदयरोग, मूत्राविकार, नेत्रारोग, उदर, प्रदर, शारीरिक दुर्बलता, बाल झड़ना, आदि बीमारियों में प्रमुख रूप से किया जाता है। यह पाचक, पुष्टिकारक, आयुवर्धक, स्मरण शक्तिवर्धक, बुद्धिवर्धक, इन्द्रियों को बल प्रदान करने वाला तथा सभी रोगों को शांत करने वाला उत्तम रसायन है।

आंवला शक्तिदायक एवं रक्त शीतकारक होता है। यह अस्थियों को मजबूती प्रदान करता है। नाड़ी स्तम्भन के लिये तो यह अत्यंत उपयोगी खाद्य पदार्थ है। लोहे के बर्तन में पके आंवले की सब्जी का सेवन शरीर में रक्त की कमी की दशा में बहुत लाभदायक साबित हुआ है।

च्यवनप्राश और ब्रह्मरसायन आयुर्वेद की जानी-पहचानी औषधि हैं जिन्हें सामान्य लोग पौष्टिक, बल-बुद्धिवर्धक, मानकर सेवन किया करते हैं। इनमें आंवला मुख्य घटक होता है। आंवले का प्रयोग आमलकापलेह, आमलकघृत, आमलक रसायन के रूप में भी होता है। औषधि के रूप में आंवले का प्रयोग निम्नांकित शारीरिक कष्टों में बहुत लाभदायक होता है-

- पाचन-शक्ति के कमजोर होने पर उत्पन्न बुखार में सूखे आंवले, चित्रामूल और सेंधा नमक का 2 अनुपात ) की मात्रा में तैयार मिश्रण का हल्के गर्म पानी के साथ सेवन करने से पर्याप्त लाभ पहुंचता है।
- श्वेतप्रदर (सफेद पानी) के आने पर आंवले का चूर्ण तीन ग्राम की मात्रा को सुबह-शाम शहद के साथ मिलाकर एक माह तक नित्य लेते रहने पर श्वेतप्रदर से पीड़ित महिलाओं को अत्यन्त लाभ होता है।
- सूखी खांसी होने पर तथा खांसी के साथ खून आने पर दो ग्राम आंवले के चूर्ण को गर्म दूध के साथ पीते रहना चाहिए।
- पेशाब में जलन होने या पेशाब रूक-रूककर आने पर आंवले के चूर्ण में मिश्री मिलाकर सुबह-शाम जल के साथ ग्रहण करें अथवा आंवले का रस निकालकर उसमें बराबर मात्रा में शहद एवं मिश्री मिलाकर दिन में दो बार पीना चाहिए।
- आंवले के चूर्ण के साथ शहद मिलाकर चाटने से बैठा गला खुल जाता है और गले की अन्य तकलीफें भी दूर हो जाती हैं।
- खांसी-जुकाम और श्वांस के रोगियों के गले में तथा छाती में कफ जम जाता है। इस स्थिति में आंवले के चूर्ण के साथ मुलहठी का चूर्ण बराबर मात्रा में मिलाकर लेते रहने से तथा ऊपर से गर्म पानी पी लेने से कफ सहज रूप में निकलने लगता है।
- आंवले का चूर्ण शहद में मिलाकर लेने से आंव की शिकायत दूर हो जाती है। शहद की जगह अगर मट्ठे का प्रयोग किया जाय तो पेचिश, खूनी पेचिश, रक्तस्राव, कब्ज अथवा रक्ताल्पता में पर्याप्त लाभ पहुंचता है।
- नाक से बहने वाले खून (नकसीर) की स्थिति में आंवले के रस में मिश्री मिलाकर पिलाना अथवा आंवले को बारीक पीसकर (चटनी की तरह) गाय या बकरी के दूध में मिलाकर सिर पर लेप करना हितकर होता है।
- शहद और मिश्री के साथ आंवले के चूर्ण का प्रयोग करने से उल्टी की शिकायत दूर होती है।
- चेहरे के पुराने दाग मिटाने, मुंहासे खत्म करने एवं चेहरे की शुष्कता समाप्त करने में आंवले का प्रयोग बहुत फायदेमंद होता है। सूखे आंवले को दूध में भिगोकर पीस लें। इसका लेप चेहरे पर करें। दो घंटे बाद सुसुम पानी से धो लें। चेहरे के दाग अथवा मुंहासे एकदम समाप्त हो जाते हैं।
- भिगोये हुए आंवले चूर्ण के जल को अगर शहद के साथ लिया जाय तो यह स्वास्थ्य को स्वस्थ बनाये रखता है तथा यौवन-शक्ति को अक्षुण्ण बनाये रखता है। यह प्रयोग स्मरण शक्ति को तीक्ष्ण करने वाला, चेहरे की कांति को बनाये रखने वाला, तरूणाई एवं यौवन का रक्षक, ज्ञानेन्द्रियों एवं कामेन्द्रियों को शक्ति प्रदान करने वाला तथा शरीर में 'कोलेस्ट्राल' की मात्रा को नियंत्रित करने वाला माना जाता है।
- पिसे आंवले का उबटन त्वचा की चमक एवं सौन्दर्य को



बनाये रखता है। शिकाकाई एवं आंवले के चूर्ण का बराबर-बराबर भाग लेकर सिर धोने से बाल मजबूत, चमकीले व स्वस्थ होते हैं। इस प्रयोग से बालों का झड़ना अथवा उनका सफेद होना भी रूक जाता है। (स्वा.द.)

# डिलीवरी के बाद मां के लिए सुपर फूड

सुदर्शन चौधरी



डिलीवरी के बाद प्रसूता को वजन कम करने की चिंता सताने लगती है जबकि उस समय पोषक तत्वों का सेवन प्रसूता के लिए बहुत जरूरी होता है ताकि वह स्वयं फिट रहकर बच्चे का लालन पालन अच्छे से कर सके। मां को अपने एनर्जी लेवल को बरकरार रखने के लिए अपने आहार में निम्न वस्तुओं को शामिल करना चाहिए ताकि वजन भी न बढ़े और तंदुरूस्ती भी बनी रहे।

दूध और दूध से बने उत्पाद:-

नवजात शिशु को मां ने ब्रेस्ट फीड कराना होता है इसके लिए उसे दूध और दूध से बने उत्पादों का सेवन करना चाहिए। दूध में विटामिन डी, कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन बी भरपूर होता है जो मां की हड्डियों को भी मजबूत रखने में मदद करता है और बच्चे के विकास के लिए भी जरूरी होता है। अपने आहार में दही, पनीर, दूध से बने उत्पादों को उचित स्थान दें। दूध, दही और दूध से बने उत्पाद टोंड दूध के ही लें ताकि वजन बढ़ने न पाए।

**अंडा -**

अंडा प्रोटीन से भरपूर होता है। नियमित रूप से अंडे का सेवन आपके शरीर की प्रोटीन की जरूरत पूरी करता है। ब्रेस्टफीड के लिए अंडा अच्छा होता हे। अंडे को उबालकर या फ्राई कर खाएं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां:-**

हरी पत्तेदार सब्जियों में एंटी आक्सीडेंट्स होते हैं जो दिल को दुरूस्त रखते हैं। विटामिन ए से भरपूर पालक और ब्रोकोली जैसी सब्जियों का भरपूर सेवन करें। हरी पत्तेदार सब्जियों में कैलोरी की मात्रा कम होती है और आयरन, कैल्शियम, विटामिन भी भरपूर होता है।

**राजमा:-**

राजमा में आयरन की भरपूर मात्रा होती है। ब्रेस्टफीड कराने वाली महिलाओं को राजमा का सेवन जरूर करना चाहिए।

**सामन मछली:-**

जो लोग मांसाहारी हैं उन्हें अपनी डायट में सामन मछली को जरूर शामिल करना चाहिए। सामन मछली में डीएचए (एक प्रकार का फैट) होता है जो बच्चे के नर्वस सिस्टम के विकास के लिए जरूरी है।

**ब्राउन राइस:-**

डिलीवरी के बाद वजन कंट्रोल करने के लिए अपने भोजन में ब्राउन राइस का प्रयोग करें।इससे शरीर को मौजूद कार्बोहाइडेऋट प्राप्त होते हैं जिससे शरीर का एनर्जी लेवल बना रहता है और कैलोरी भी व्हाइट राइस से कम होती है।

**होलवीट ब्रेड:-**

होलवीट ब्रेड से फॉलिक एसिड शरीर को मिलता है। फॉलिक एसिड के साथ फाइबर और आयरन भी होलवीट से प्राप्त होता है। प्रातः नाश्ते में होलवीट पास्ता या होलवीट ब्रेड का सेवन करें।

**संतरा:-**

विटामिन सी से भरपूर संतरे में फाइबर की भी उचित मात्रा होती है। संतरे का जूस या संतरा दिन में धूप के समय खाएं।

इसके अतिरिक्त मटर की सब्जी कच्चे मटर का सेवन भी लाभप्रद होता है। गुड़ जीरा खाने से ब्रेस्ट में दूध की मात्रा में बढ़ोत्तरी होती है। (स्वा.द.)

# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है केला

अनोखी लाल कोठारी

अनेक गुणों, मूल्यों और उपलब्धता देखते हुए केले जैसे फल के बारे में यह कहा जा सकता है कि वह एक किफायती और आदर्श फल है। आवश्यक पोषक तत्वों और ऊर्जा की दृष्टि से केला अन्य फलों से कहीं आगे है। इसमें संदेह नहीं कि केले में मुख्य भोजन के गुण मौजूद हैं।

प्राकृतिक जीवन के समर्थकों और विद्वानों के अनुसार केला ही एकमात्र ऐसा सर्वसुलभ फल है जिससे हम कम मूल्य में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त कर सकते हैं। दक्षिण भारत में केले को पर्याप्त महत्त्व प्राप्त है। अनेक स्थानों पर केलों की विभिन्न किस्में मिल जाती हैं। केले उबाल कर खाने का भी चलन है।

केले को घरों में और खाने की मेज पर पर्याप्त महत्त्व प्राप्त है। हर उम्र के लोग केले बड़े चाव से खाते हैं। एक और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि केले के साथ हरी सब्जियों और मौसमी फलों को शामिल कर लिया जाए तो रोग दूर भागेंगे और शरीर मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ बना रहेगा। केले से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

केले सेवन में थोड़ी सी सावधानी रखी जाए तो और भी अच्छा होगा। पूरी तरह पके केले ही खाने चाहिए। कच्चे केलों की सब्जी बनाकर खाई जाए तो वह भी स्वादिष्ट पौष्टिक होती है पर अधिक तेज मिर्च-मसालों और चिकनाई से बचना चाहिए। खांसी, सिरदर्द, जुकाम, माइग्रेन, कब्ज आदि रोगों में नियमित केले के सेवन से पर्याप्त लाभ मिलता है।(स्वा.द.)



# लाभदायक घरेलू इलाज

इन्दीवर मिश्र

- चक्कर आने पर तुलसी के रस में चीनी मिलाकर सेवन करने से ठीक हो जाते हैं।
- मिश्री के साथ तुलसी दल लेने से पेट दर्द ठीक हो जाता है।
- कुष्ठ रोग में प्रतिदिन प्रातः तुलसी का रस पीने से रोग ठीक हो जाता है।
- दाद-खाज जैसे चर्म रोगों में तुलसी और नींबू के रस का लेप करने से लाभ मिलता है।
- स्मरणशक्ति को बढ़ाने के लिए तुलसी के 5 पत्ते सुबह खाने से लाभ होता है।
- तुलसी का पंचांग चूर्णः चार माशा गाय के दूध में सुबह-शाम पीने से गठिया रोग ठीक होता है।
- मुंह के छालों में तुलसी के अर्क का कुल्ला करने से लाभ होता है।
- हैजे में तुलसी के बीज का चूर्ण बनाकर गाय के दूध में सेवन करने से तुरंत लाभ मिलता है।



- दस्त आने पर एक माशा जीरा और दस तुलसीदल दिन में तीन बार सेवन करने से लाभ मिलता है।
- पाचन-शक्ति बढ़ाने के लिए छोटी इलायची, अदरक का रस और तुलसी का रस मिलाकर सेवन करने से लाभ होता है।
- कान में हो रहे सामान्य दर्द को दूर करने के लिए तुलसी के पत्तों का रस कपूर में मिलाकर गुनगुना करके कुछ बूंदें डालने से लाभ मिलता है। (स्वा.द.)

# सर्दी से बचाता है अखरोट

भाषणा बांसल

कश्मीर की वादियों में पाया जाने वाला अखरोट प्रकृति का एक नायाब उपहार है। यह समुद्रतल से खास ऊंचाई पर, बड़े व चौड़े पत्तों वाले वृक्ष पर पाया जाता है। इसकी मुलायम लकड़ी से फर्नीचर तैयार किया जाता है। इसकी लकड़ी अन्य वृक्षों की लकड़ी से भिन्न होती है। इसमें घुन लगने का भय नहीं रहता। इस प्राकृतिक फल में बहुत से गुणों का समायोजन है। यह एक औषधि के रूप में भी प्रयोग में लाया जा सकता है।



- सर्दी लगने से शरीर में दर्द हो रहा हो तो अखरोट के तेल की मालिश अत्यंत उपयोगी है।
- दांतों में चमक लाने हेतु अखरोट की छाल से दांतों को साफ करें।
- पेट में कीड़े हों तो एक अखरोट खाकर दूध पीने से फायदा होता है।
- अखरोट व्यक्ति के दिमाग को संतुलित एवं सक्षम बनाए रखता है।

पायरिया रोग में अखरोट के छिलकों को बारीक पीस कर इससे दांतों पर मंजन करने से अत्यंत लाभ होता है।

- दाद होने पर अखरोट का तेल लगाएं।
- याददाश्त बढ़ाने हेतु अखरोट का नियमित सेवन करें।
- लकवा रोग होने पर अखरोट का तेल नाक के दोनों नथुनों में लगाएं। (स्वा.द.)

# यूपी/बिहार/झारखंड/राजस्थान

## वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मुठभेड़ों में 48 अपराधी मारे गए : डीजीपी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने बुधवार को यहां बताया कि 2025 में राज्य पुलिस के साथ विभिन्न मुठभेड़ों में 48 कथित बदमाश मारे गए। यह आंकड़ा पिछले आठ सालों में सबसे ज्यादा है। कृष्ण ने यहां पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में 20 मार्च 2017 से 29 दिसंबर 2025 के बीच के पुलिस कार्रवाई से संबंधित आंकड़े साझा किये। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने मार्च 2017 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभाला था। डीजीपी ने बताया कि 2018 से अब तक पुलिस के साथ मुठभेड़ों में कुल 266 अपराधी मारे गए हैं। उनके मुताबिक, साल 2025 में ही पुलिस के साथ मुठभेड़ की 2,739 घटनाएं हुईं, जिनमें 48 बदमाश मारे गये और 3,153 घायल हुए। उनके मुताबिक, पिछले आठ वर्षों के दौरान हुई मुठभेड़ों की तुलना में इस वर्ष अपराधियों के मारे जाने की संख्या सर्वाधिक रही है। आंकड़ों के अनुसार, 2025 में मुठभेड़ की घटनाओं में एक



पुलिसकर्मी भी मारा गया। डीजीपी द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों के मुताबिक, साल 2018 में पुलिस मुठभेड़ों में मारे गए कथित अपराधियों की संख्या 41 थी। इसके अलावा 2019 में 34 तथा 2020 और 2021 में 26-26 अपराधी मुठभेड़ों में मारे गए थे। वर्ष 2022 में यह आंकड़ा घटकर 13 हो गया, मगर 2023 में पुलिस के साथ मुठभेड़ों में 26 और 2024 में 25 अपराधियों की मौत हुई। कृष्ण ने बताया कि आठ साल की अवधि में पुलिस ने कुल 16,284 अभियान संचालित किये, जिसमें 266 अपराधी मारे गए और 10,990 घायल हुए।

## राज्य में 37 से अधिक फिल्मों, वेब सीरीज व डॉक्यूमेंटरी की शूटिंग को मंजूरी

**पटना :** बिहार में फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देने के मकसद से राज्य सरकार ने 37 से अधिक फिल्मों, वेब सीरीज और डॉक्यूमेंटरी फिल्मों की शूटिंग को मंजूरी दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह मंजूरी 'बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति, 2024' के तहत दी गई है। राज्य के कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने यहां संवाददाताओं को बताया, इन 37 प्रोजेक्ट में से कई की शूटिंग राजधानी पटना समेत राज्य के विभिन्न जिलों में अलग-अलग स्थानों पर चल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में फिल्म शूटिंग के समग्र विकास के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि स्थानीय भाषा, हिंदी या किसी अन्य भाषा की फिल्मों की शूटिंग को बिहार में करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। कुमार ने कहा कि विभाग अगले सप्ताह अपनी वेबसाइट शुरू करने जा रहा है, जिस पर बिहार में शूटिंग के लिए उपलब्ध सुविधाओं से जुड़ी जानकारी दी जाएगी।

## वीबी-जी राम जी योजना को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए अभियान चलाएगी झारखंड भाजपा

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई ने 'विकसित भारत-रोजगार गारंटी आजीविका मिशन-ग्रामीण' (वीबी-जी राम जी) योजना को लेकर जागरुकता फैलाने और कांग्रेस की ओर से किए जा रहे दुष्प्रचार को उजागर करने के लिए जनवरी में एक अभियान शुरू करने का बुधवार को फैसला लिया। पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी 8 से 10 जनवरी तक राज्य में मंडल स्तर (भाजपा की संगठनात्मक इकाई) पर बैठकें और संगोष्ठियां आयोजित करेगी। भाजपा की झारखंड इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, पार्टी कार्यकर्ता नए अधिनियम की विशेषताओं को जनता के सामने रखेंगे और कांग्रेस द्वारा फैलाई जा रहीं गलत सूचनाओं को उजागर करेंगे।

## भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भगवान राम के आदर्शों के अनुरूप कार्य किया : राजनाथ सिंह



### रक्षा मंत्री ने अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी के मौके पर राम मंदिर परिसर में अन्नपूर्णा मंदिर में धर्म ध्वजा फहराई और पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। सिंह के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। अन्नपूर्णा मंदिर, राम मंदिर परिसर में स्थित सात मंदिरों में से एक है। श्रीराम के जयकारों और मंत्रोच्चार के बीच रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजन कर मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई। दर्शन-पूजन के बाद जब दोनों नेता मंदिर परिसर से बाहर निकले, तो श्रद्धालुओं ने 'जय श्रीराम' के जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और बच्चों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। पूरे परिसर में भक्तिमय और उत्साह का माहौल बना रहा। अधिकारियों के अनुसार, राजनाथ सिंह ने रामलला की पूजा की और राम मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में भी हिस्सा लिया।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में अयोध्या में आया बदलावः आदित्यनाथ

**अयोध्या (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में अयोध्या की स्थिति में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत हितों और धार्मिक कट्टरता से प्रभावित लोगों के कारण अयोध्या पहले अशांति और संघर्ष का गढ़ बन गई थी। आदित्यनाथ के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी थे, जिन्होंने राम मंदिर परिसर में अन्नपूर्णा मंदिर में ध्वजारोहण किया और प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर पूजा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में सक्रिय भूमिका के लिए सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि लगभग 500 साल बाद मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूरे देश के लिए गर्व और भावनात्मक संतुष्टि का क्षण था। अयोध्या में एक धार्मिक सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि सिंह राज्य सरकार और संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाते हुए राम जन्मभूमि आंदोलन से घनिष्ठ रूप से जुड़े रहे और वह 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के अवसर पर अन्नपूर्णा मंदिर में ध्वजारोहण समारोह के दौरान भावुक दिखाई दिए।

**अयोध्या :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को राम मंदिर आंदोलन को एक 'महान इतिहास' बताया जिसने भविष्य की नींव रखी। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में भगवान राम के आदर्शों के अनुसार कार्य किया। सिंह यहां राम मंदिर परिसर में अन्नपूर्णा मंदिर में धर्म ध्वजा फहराने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे और रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित प्रार्थनाओं में शामिल हुए। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा सनातन परंपराओं को मिटाने के बार-बार किए गए प्रयासों के बावजूद, राम मंदिर के ऊपर लहराता हुआ भगवा ध्वज सभ्यतागत निरंतरता का संदेश देता है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने भगवान राम के आदर्शों के अनुसार कार्य किया है। उन्होंने कहा, 'राम विनम्र हैं। राम गुणी हैं। राम दयालु हैं। लेकिन जहां आवश्यकता पड़ती है... वहां रामजी दुष्टों के संहारक की भूमिका निभाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमने भगवान राम की उसी प्रेरणा से काम किया।' भारत ने 22 अप्रैल पर कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर किये गए हमले के जवाब में छह मई की रात ऑपरेशन सिंदूर के नाम से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित नौ आतंकी शिविरों पर सैन्य कार्रवाई की जिनमें कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई के बाद, भारत ने कई महत्वपूर्ण पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया। रक्षा मंत्री ने कहा, 'ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान भारत ने भी, भगवान राम के इसी मर्यादा का पालन किया।

## पिता की तरह सभी के लिए उपलब्ध रहने की कोशिश कर रहा हूं : नितिन नवीन



**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कहा कि वह अपने पिता के पदचिह्नों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं, जो 'सभी के लिए उपलब्ध रहते थे' और पार्टी कार्यकर्ताओं को परिवार की तरह मानते थे। नितिन नवीन के पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भाजपा से विधायक रहे थे। सिन्हा की पुण्यतिथि के अवसर पर यहां एक पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नितिन नवीन के साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। अपने पिता को श्रद्धांजलि देने के बाद नितिन नवीन ने संवाददाताओं से कहा, 'मैं अपने पिता के राजनीतिक जीवन से सीख लेकर उनके पदचिह्नों पर चलने की कोशिश कर रहा हूं जो सभी के लिए उपलब्ध रहते थे और पार्टी कार्यकर्ताओं को परिवार की तरह मानते थे।' उन्होंने कहा, ''आज मेरे पिता की 20वीं पुण्यतिथि है। जिस तरह उन्होंने सादगी के साथ संगठन को सींचा और कार्यकर्ताओं के साथ पारिवारिक रिश्ते बनाए, वह उल्लेखनीय है।' नवीन ने यह भी कहा कि समाज के विकास के लिए उनके पिता द्वारा किए गए कार्य 'हम सभी के लिए प्रेरणादायी' हैं। उन्होंने दावा किया कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार, नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की परिकल्पना के अनुरूप राज्य को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा, 'चुनाव प्रबंधन पर उनकी गहरी पकड़ थी। विधायक बनने से पहले हो या बाद में, चुनाव कैसे संभालना है, यह उनकी विशेषता थी।'

## नये साल में होगी सिपाही के 32 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार नए साल में सिपाही के 32,679 पदों पर भर्ती करेगी। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने बुधवार को इस भर्ती अभियान की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 को शुरू होगी और 30 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले बोर्ड के पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। बोर्ड ने विस्तृत अधिसूचना जारी की है जो उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि यह नवीनतम भर्ती 2025 की शुरुआत में सिपाही के 60 हजार 244 पदों पर नियुक्तियों के पूरा होने के बाद की जा रही है। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कहा कि आवेदन उसकी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं, जबकि पंजीकरण सुविधा बोर्ड के पोर्टल पर उपलब्ध है। पात्रता, चयन प्रक्रिया और परीक्षा कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी ऑनलाइन प्राप्त की जा सकती है।

## बिहार में कड़ाके की ठंड व घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित, पटना में कक्षा आठ तक के स्कूल बंद

**पटना :** बिहार में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है और राज्य की राजधानी पटना में कक्षा आठ तक के स्कूल बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने बुधवार को आदेश जारी कर 31 दिसंबर से दो जनवरी तक कक्षा आठ तक के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को बंद रखने का निर्देश दिया है। इस आदेश के दायरे में सभी विद्यालयों के साथ आंगनबाड़ी केंद्र भी शामिल हैं। प्रशासन



का कहना है कि छोटे बच्चे और बुजुर्ग ठंड के सबसे अधिक जोखिम वाले वर्ग हैं, ऐसे में एहतियात ही सबसे बड़ा बचाव है। हालांकि, पढ़ाई पूरी तरह बाधित न हो इसके लिए आठवीं से ऊपर की कक्षाओं के संचालन का समय बदल दिया गया है जिसके तहत इन कक्षाओं की पढ़ाई अब सुबह 10 बजे से अपराह्न साढ़े तीन बजे तक कराई जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह फैसला बच्चों की सेहत और सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है और मौसम की स्थिति सामान्य होने तक ऐसे एहतियाती कदम उठाए जाते रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश इस समय भीषण सर्दी का दौर जारी है और अधिकांश हिस्सों में शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है, जिससे आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

### न्यूज इन ब्रीफ

#### हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने के आरोप में यूट्यूबर के खिलाफ मामला दर्ज

**हैदराबाद :** हिंदू देवी-देवताओं पर कथित 'अपमानजनक' टिप्पणी करने के आरोप में यूट्यूबर अन्वेष के खिलाफ हैदराबाद में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अभिनेत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता कराटे कल्याणी ने पंजागुट्टा थाने में एक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें प्रपंचा यत्रिकुडु के नाम से मशहूर अन्वेष पर हिंदू देवताओं का 'अपमान' करने का आरोप लगाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### लद्दाख : नाबालिग लड़की का 'अपहरण' कर श्रीनगर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**लेह :** लद्दाख की एक नाबालिग लड़की का 'अपहरण' कर श्रीनगर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस बीच, लेह शहर इस घटना के विरोध में बंद रहा और लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान खुलासा हुआ कि नाबालिग लड़की को कथित तौर पर करगिल का एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर श्रीनगर ले गया था। हालांकि लड़की 29 दिसंबर को लेह लौट आई, जिसके बाद उसे उसके परिवार को सौंप दिया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि नाबालिग के लापता होने की शिकायत 28 दिसंबर को खाल्त्से पुलिस थाना में दर्ज कराई गई, जिसके बाद अपहरण की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और लड़की और कथित अपहरणकर्ता का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन पहले ही किया जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला एक व्यक्तिगत आपराधिक कृत्य है और इसे कोई सांप्रदायिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए।

#### गोवा नाइटक्लब अवैध रूप से बना था : जांच रिपोर्ट

**पणजी :** गोवा के जिस नाइटक्लब में दिसंबर के पहले सप्ताह में आग लगने से 25 लोगों की मौत हुई, वह अवैध रूप से बनाया गया था और बिना लाइसेंस के संचालित किया जा रहा था। राज्य सरकार के निर्देश पर हुई मजिस्ट्रेट जांच की रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई, जिसमें यह खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में आधिकारिक स्तरों पर हुईं कई गंभीर चूक और मिलीभगत की ओर इशारा किया गया है। इसमें कहा गया है कि वह दुर्भाग्यपूर्ण ढांचा नमक बनाने वाले क्षेत्र के बीच में बना था और किसी भी कानून के तहत इसके निर्माण की इजाज़त नहीं थी। रिपोर्ट के अनुसार उत्तरी गोवा के अरपोरा गांव में स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' बिना वैध लाइसेंस के संचालित किया जाता रहा और स्थानीय पंचायत ने संपत्ति को सील करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। रिपोर्ट में कहा गया है कि छह दिसंबर की रात प्रतिष्ठान में उचित सावधानी व सतर्कता बरते बिना तथा पर्याप्त अग्नि-सुरक्षा उपकरणों के बगैर आतिशबाजी की गई जिसके कारण आग लग गई।

# लोगों को जाति, धन या भाषा के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए: मोहन भागवत

**रायपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि लोगों को जाति, धन या भाषा के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश सभी का है। भागवत ने सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण की ज़िम्मेदारी और अनुशासित नागरिक जीवन का आह्वान किया तथा लोगों से मतभेदों से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के सोनपैरी गांव में 'हिंदू सम्मेलन' को संबोधित करते हुए, भागवत ने कहा कि सामाजिक सद्भाव की दिशा में पहला कदम अलगाव और भेदभाव की भावनाओं को दूर करना है। उन्होंने



इस बात पर ज़ोर दिया कि मंदिर, जल निकाय और श्मशान घाट, चाहे किसी ने भी स्थापित किए हों, सभी हिंदुओं के लिए खुले होने चाहिए। उन्होंने सामाजिक कार्य को एकता का प्रयास बताया, न कि संघर्ष का। उन्होंने कहा, ..लोगों को जाति, धन, भाषा या क्षेत्र के आधार पर मत आंकिए। सभी को अपना समझें। पूरा भारत मेरा है। उन्होंने इस दृष्टिकोण को सामाजिक समरसता बताया। भागवत ने कहा कि सार्वजनिक सुविधाएं और धार्मिक स्थान सभी के लिए खुले होने चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए संघर्ष की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह जोड़ने का काम है। नशे की समस्या पर, भागवत ने कहा कि अकेलापन अक्सर लोगों को नशे की ओर धकेल देता है। सरसंघचालक ने सप्ताह में एक दिन साथ बिताकर, प्रार्थना कर, घर का बना खाना साझा करके और तीन से चार घंटे तक बातचीत कर पारिवारिक मेलजोल को फिर से शुरू करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने इसे 'मंगल संवाद' बताया। भागवत ने कुटुंब प्रबोधन की अवधारणा पर ज़ोर दिया और कहा कि व्यक्तियों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे रोज़ाना समाज और राष्ट्र के लिए कितना समय और संसाधन समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा, अगर देश खतरे में है, तो परिवार भी खतरे में है। भागवत ने इस दौरान दैनिक जीवन में मूल्यों का पालन करने का आह्वान किया। ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण के क्षरण पर चिंता व्यक्त करते हुए, भागवत ने लोगों से पानी बचाकर, वर्षा जल संचयन अपनाकर, एकल उपयोग प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करके और अधिक पेड़ लगाकर अपने घरों से ही संरक्षण के प्रयास शुरू करने का आग्रह किया।

## 'प्रगति' बैठक में मोदी ने सुधार-प्रदर्शन-परिवर्तन पर दिया जोर

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 'प्रगति' की 50वीं बैठक में सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र पर जोर दिया। 'प्रगति' ने पिछले एक दशक में 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को गति प्रदान की है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने परियोजना जीवन-चक्र के प्रत्येक चरण में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों के लिए त्वरित क्रियान्वयन, उच्च गुणवत्ता और बेहतर परिणामों को सुनिश्चित करने के लिए आने वाले वर्षों में सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन (प्रगति) मंच को और मजबूत किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधारों की गति को बनाये रखने और कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए 'प्रगति' आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'प्रगति' मंच का इस्तेमाल करके राष्ट्रीय हित में लंबे समय से लंबित परियोजनाओं को पूरा किया गया है।

## इसरो ने श्रीहरिकोटा में एसएसएलवी के तीसरे चरण का स्थैतिक परीक्षण किया

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) की 'सॉलिड मोटर स्टैटिक टेस्ट फैसिलिटी' में लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के तीसरे चरण के उन्नत संस्करण का सफल स्थैतिक परीक्षण किया है। इसरो ने बताया कि यह परीक्षण मंगलवार को किया गया। इसरो ने एक बयान में कहा कि एसएसएलवी इसरो द्वारा विकसित तीन-चरणीय, पूर्णत: ठोस-ईंधन प्रक्षेपण यान है जिसे औद्योगिक उत्पादन के अनुकूल बनाया गया है और यह दो प्रक्षेपणों के बीच कम समय में तैयारी पूरी कर मांग के अनुसार प्रक्षेपण की जरूरतें पूरी कर सकता है। इसमें कहा गया, ''ऊपरी चरण या तीसरे चरण की ठोस मोटर, प्रक्षेपण यान को चार किलोमीटर प्रति सेकंड तक का वेग प्रदान करती है और चरण के निष्क्रिय द्रव्यमान को सीमित करने के लिए इसमें 'मोनोलिथिक कंपोजिट मोटर केस' तथा 'फ्री-स्टैंडिंग नोजल डाइवर्जेंट' का उपयोग किया गया है।'' अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि स्थैतिक परीक्षण ने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान के चरण-तीन (एसएस3) के उस उन्नत संस्करण को मान्य किया जिसमें कार्बन-एपॉक्सी मोटर केस लगाया गया है। इससे चरण का द्रव्यमान उल्लेखनीय रूप से कम हुआ है और इसके परिणामस्वरूप एसएसएलवी की पेलोड क्षमता 90 किलोग्राम बढ़ी है। इसरो ने स्पष्ट किया, ''इस चरण में 'इग्नाइटर' और 'नोजल' प्रणाली के लिए भी उन्नत डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है जिससे प्रणाली अधिक दक्ष और मजबूत बनती है।''

## बैंक धोखाधड़ी मामला: ईडी ने लंदन के बकिंघम पैलेस के पास 150 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कपड़ा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एस. कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड और उसके पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नितिन कासलीवाल से जुड़े कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी और धनशोधन मामले में लंदन में बकिंघम पैलेस के पास स्थित 150 करोड़ रुपये मूल्य की एक अचल संपत्ति को कुर्क किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इस संपत्ति को कुर्क करने के लिए मंगलवार को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि बकिंघम पैलेस के पास स्थित 150 करोड़ रुपये मूल्य की यह ''उच्च मूल्य'' वाली संपत्ति नितिन शंभुकुमार कासलीवाल और उनके परिवार के सदस्यों के ''लाभकारी स्वामित्व'' में है। ईडी के अनुसार, कासलीवाल पर भारतीय बैंकों के एक संघ ने लगभग 1,400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। विदेश में स्थित संपत्ति को कुर्क करने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उस देश की समकक्ष एजेंसियों से संपर्क करता है ताकि धनशोधन रोधी कानून के आपराधिक प्रावधानों के तहत ऐसी संपत्ति का कब्जा लिया जा सके। एजेंसी ने आरोप लगाया कि नितिन कासलीवाल ने एस. कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड के माध्यम से बैंकों के एक संघ के साथ धोखाधड़ी की और ''विदेशी निवेश'' की आड़ में धनराशि को भारत से बाहर भेज दिया। इसके बाद उन्होंने विदेशों में कई अचल संपत्ति खरीदीं जिन्हें विदेशी क्षेत्रों में निजी ट्रस्ट और कंपनियों की जटिल संरचना के माध्यम से ''छिपाया'' गया।

## भाजपा ने ममता बनर्जी पर अमित शाह को 'धमकी' देने का आरोप लगाया

**भुवनेश्वर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए उन पर राज्य के दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धमकी देने का बुधवार को आरोप लगाया और दावा किया कि वह 'तानाशाही' कर रही हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने बांकुड़ा जिले में एक जनसभा के दौरान कहा कि शाह कोलकाता के जिस होटल में ठहरे हुए हैं वहां से बाहर वह उनकी ''मर्जी'' से ही निकल पाए हैं। पात्रा ने कहा, ''ममता बनर्जी ने देश के गृह मंत्री को ऐसी भाषा में धमकी दी है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमने इसे देखा है। उन्होंने कहा कि आप (शाह) एक होटल में छिपे हुए हैं। अगर हम चाहें तो आप होटल से बाहर कदम नहीं रख सकते। ये आपकी खुशकिस्मती है कि हमने आपको होटल से बाहर आने दिया।'' भाजपा ने दावा किया कि बनर्जी ने ''घुसपैठियों के लिए''



ऐसा किया और इस बात पर बल दिया कि यह न केवल केंद्रीय गृह मंत्री के लिए, बल्कि देश की पूरी आबादी के लिए खतरा है। पात्रा ने कहा, ''आप (बनर्जी) सिर्फ अमित शाह को ही नहीं, बल्कि पूरे भारत को धमकी दे रही हैं।'' उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में इस तरह की घटना पहली बार नहीं हुई है। पुरी से सांसद पात्रा ने कहा, ''बंगाल में ऐसी घटना पहली बार नहीं हुई है। पिछले चुनावों के दौरान हमारे पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के काफिले पर हमला किया गया था।'' पात्रा ने कहा कि शाह ने पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार, अन्याय और विशेष रूप से घुसपैठियों से जुड़ी राजनीति जैसे मुद्दे उठाए हैं।

## जम्मू कश्मीर: कठुआ में 39 ओजीडब्ल्यू की हुई पहचान, 18 पर पीएसए के तहत मामला दर्ज

**कठुआ/जम्मू :** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2025 के दौरान 39 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' (ओजीडब्ल्यू) की पहचान की गई और उनमें से 18 पर नागरिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया। कठुआ की एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) वे होते हैं जो जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों को मानवीय सहायता, नकद, आवास और अन्य सुविधाएं प्रदान करने में मदद करते हैं। कठुआ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहिता शर्मा ने वर्ष 2025 की वार्षिक अपराध रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि इस साल आतंकवाद से संबंधित चार मामले दर्ज किए गए जिनमें सात लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि दो आतंकवादियों को ढेर किया गया। एसएसपी मोहिता शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, कठुआ जिले में आतंकवाद से जुड़े विभिन्न नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया गया। हमने 2025 के दौरान 39 ओजीडब्ल्यू की पहचान की और उनमें से 18 के खिलाफ पीएसए के तहत मामला दर्ज किया।

## गुजरात : नीतियों के कार्यान्वयन के लिए मंत्रियों के नेतृत्व में 13 परामर्श समितियों का गठन

**अहमदाबाद :** गुजरात सरकार ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ-साथ स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों के नेतृत्व में 13 स्थायी परामर्श समितियां गठित की हैं, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नीतियों के कार्यान्वयन से संबंधित मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान कर सकें। यहां बुधवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक राज्य के सभी विधायकों और संसद सदस्यों को इन समितियों में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अध्यक्षता में गठित पहली समिति में 16 मंत्रियों के साथ-साथ विधायक और तीन सांसद शामिल हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक दूसरी समिति में उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और तीन सांसदों सहित 18 मंत्री और विधायक शामिल हैं। इसके मुताबिक तीसरी समिति में वित्त मंत्री कनुभाई देसाई और तीन सांसदों सहित 15 मंत्री/विधायक शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रत्येक परामर्श समिति वर्तमान मंत्रिमंडल के कार्यकाल के लिए कार्य करेगी। इसके मुताबिक समिति की अध्यक्षता करने वाले मंत्री इसकी बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। समिति की बैठक हर तीन महीने में एक बार या अध्यक्ष द्वारा तय किए जाने पर होगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रत्येक समिति आम महत्व के मामलों और नागरिकों से संबंधित मुद्दों पर मंत्री के नेतृत्व वाले विभागों की नीतियों के कार्यान्वयन से संबंधित मामलों पर चर्चा करेगी। इसमें कहा गया है कि इन समितियों से उन मामलों पर विचार करने की अपेक्षा की जाती है जिन्हें मंत्री स्वयं समिति के समक्ष रख सकते हैं या किसी सदस्य द्वारा समिति के संज्ञान में लाया जा सकता है। विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि समितियां अधिकारियों के किसी भी निजी मामले, किसी व्यक्तिगत मुकदमे या ऐसे मुद्दों पर विचार नहीं करेंगी जिनका निपटारा संबंधित अधिकारी मौजूदा नियमों के अनुसार कर सकते हैं। इसी प्रकार, न्यायिक कार्यवाही में लंबित आदेशों या मामलों पर भी समितियों द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

## पूर्वोत्तर के छात्रों ने देहरादून में एंजेल चकमा की हत्या के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया

**नयी दिल्ली :** पूर्वोत्तर के छात्रों ने बुधवार को यहां जंतर-मंतर पर त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा के लिए न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। चकमा की हाल ही में देहरादून में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ रहे पूर्वोत्तर के सैकड़ों छात्रों ने 'नॉर्थईस्ट स्टूडेंट्स सोसाइटी ऑफ दिल्ली यूनिवर्सिटी' (एनईएसएसडीयू) के बैनर तले आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया और चकमा की हत्या की गहन जांच की मांग की। त्रिपुरा के उनाकोटी जिले के रहने वाले 24 वर्षीय चकमा पर नौ दिसंबर को देहरादून में उस समय छह लोगों के एक समूह ने हमला कर दिया था, जब उन्होंने अपने और अपने छोटे




भाई पर नस्ली टिप्पणी किए जाने का विरोध किया। 26 दिसंबर को अस्पताल में इलाज के दौरान चकमा की मृत्यु हो गई। देहरादून पुलिस ने छह आरोपियों में से पांच को गिरफ्तार कर लिया है जबकि आरोपी यज्ञराज अवस्थी फरार है। अवस्थी नेपाल के कंचनपुर जिले का रहने वाला है। एनईएसएसडीयू के अध्यक्ष पोंटिंग थोकचोम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हम मांग करते हैं कि मामला सीबीआई को सौंपा जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। पूर्वोत्तर के छात्रों को नस्ली दुर्व्यवहार और हमलों से बचाने के लिए एक कानून होना चाहिए।''

## भारत ने ओडिशा तट से दो 'प्रलय' मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने बुधवार को ओडिशा के तट से कुछ ही समय के अंतराल में दो 'प्रलय' मिसाइल का सफल परीक्षण किया। 'प्रलय' स्वदेशी रूप से विकसित एक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है जिसमें उच्च सटीकता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक नौपरिवहन प्रणाली लगी हुई है। यह विभिन्न लक्ष्यों के लिए कई प्रकार के युद्धक हथियारों को ले जाने में सक्षम है। इन मिसाइलों का परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा किया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा, ''यह



उड़ान परीक्षण मूल्यांकन परीक्षणों के तहत किया गया था। 'ट्रैकिंग सेंसर' द्वारा पुष्टि की गई जानकारी के अनुसार, दोनों मिसाइल ने निर्धारित पथ का अनुसरण किया और सभी उड़ान उद्देश्यों को पूरा किया।''

## केंद्र सरकार के 2026 के कैलेंडर में 'ऑपरेशन सिंदूर' और श्रम सुधार का जिक्र

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने बुधवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से लेकर कृषि और सेवा क्षेत्र में की गई पहल तक, सरकार का 2026 का कैलेंडर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के परिवर्तन को रेखांकित करने का प्रयास करता है। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री मुरुगन ने ''भारत 2026: सेवा, सुशासन और समृद्धि'' विषय पर भारत सरकार का कैलेंडर जारी किया। मुरुगन ने कहा कि यह कैलेंडर जन-केंद्रित शासन, सेवा मुहैया कराने वाली मजबूत व्यवस्था और प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा नागरिकों और राज्य के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए शुरू किए गए सुधारों में निहित राष्ट्रीय आत्मविश्वास की भावना को दर्शाता है। मुरुगन ने कहा, यह कैलेंडर केवल तिथियों और महीनों का वार्षिक प्रकाशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा माध्यम है जो भारत की परिवर्तन यात्रा को दर्शाता है, शासन की प्राथमिकताओं को उजागर करता है और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर सामूहिक संकल्प को नवीनीकृत करता है। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि कैलेंडर का डिजाइन बहुत सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, और यह वास्तव में सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाता है तथा इसके संचार साधन के रूप में विकसित हुआ है। वर्ष 2026 के कैलेंडर में 12 विषयगत मासिक पृष्ठ शामिल हैं जो राष्ट्रीय प्रगति के प्रमुख स्तंभों को दर्शाते हैं और बदलते भारत की भावना को प्रतिबिंबित करते हैं। इनमें 'आत्मनिर्भरता से आत्मविश्वास' (जनवरी) शामिल है, जो सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डालता है; 'समृद्ध किसान, समृद्ध भारत' (फरवरी), जो किसानों की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करता है; 'नए भारत के लिए नारी शक्ति' (मार्च), जो आधुनिक भारत की निर्माता के रूप में महिलाओं का सम्मान करता है; और 'सरलीकरण से सशक्तिकरण' (अप्रैल), जो सरलीकरण और शासन सुधारों पर केंद्रित है।

## चमोली जिले में जलविद्युत परियोजना की सुरंग में दो लोको ट्रेन टकराईं, 88 लोग घायल

**गोपेश्वर/देहरादून :** उत्तराखंड के चमोली जिले में निर्माणाधीन विष्णुगाड-पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना की पीपलकोटी सुरंग में श्रमिकों व कर्मचारियों को ले जा रही एक लोको ट्रेन तथा सामग्री ढोने वाली दूसरी लोको ट्रेन की आपस में टक्कर के कारण 88 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों से पूरी जानकारी ली और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे टीएचडीसी (इंडिया) द्वारा बनायी जा रही परियोजना की सुरंग के भीतर टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) स्थल पर यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि रात की पाली में सुरंग की खुदाई के लिए श्रमिकों को ले जा रही लोको ट्रेन सुरंग के करीब दो किलोमीटर भीतर पहुंची थी, तभी दूसरी ओर से सामग्री लेकर आ रही एक अन्य लोको ट्रेन अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई। हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी गौरव कुमार और पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार तत्काल गोपेश्वर जिला अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती घायलों से मिलकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को घायलों के बेहतर और समुचित उपचार के निर्देश दिए।

## सदानंद दाते को महाराष्ट्र का नया डीजीपी नियुक्त किया गया, तीन जनवरी को संभालेंगे कार्यभार

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सदानंद दाते को बुधवार को राज्य का अगला पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया। दाते की छवि मृदु भाषी लेकिन सख्त पुलिस अधिकारी है और वह 2008 में मुंबई पर हुए हमले में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किये जा चुके हैं। आईपीएस में 1990 बैच के अधिकारी दाते(59) निवर्तमान डीजीपी रश्मि शुक्ला का स्थान लेंगे, जो तीन जनवरी को सेवानिवृत्त हो रही हैं। वह दो लाख से अधिक कर्मियों वाले महाराष्ट्र पुलिस बल के प्रमुख के रूप में दो साल तक अपनी सेवाए देंगे। दाते को हाल में केंद्र की



प्रतिनियुक्ति से राज्य कैडर में वापस बुलाया गया था। वह केंद्र में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) का नेतृत्व कर रहे थे। दाते की 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान जवाबी कार्रवाई में किए गये प्रयासों की काफी सराहना की गयी थी। मुंबइई में 26 नवंबर, 2008 को जब हमला किया गया था तब दाते शहर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मध्य क्षेत्र) के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने पुलिस की उस टीम का नेतृत्व किया था जिसने कामा अस्पताल की छत पर लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों अजमल कसाब और अबू इस्माइल को घेर लिया था और ग्रेनेड के छर्रों से गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद आतंकवादियों से मुकाबला जारी रखा था। दाते को बाद में वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। दाते के शरीर में आज भी उस रात के धातु के टुकड़े धंसे हुए हैं, खासकर एक टुकड़ा उनकी आंख के पास है। वह उन्हें चोटों के बजाय युद्ध क्षेत्र से मिले 'पदक' के रूप में वर्णित करते हैं।

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार का अंतिम परीक्षण पूरा

**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने स्वदेशी रूप से डिजाइन की गई 'वंदे भारत स्लीपर ट्रेन' का अंतिम चरण का हाई-स्पीड परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के साथ आत्मनिर्भर रेल प्रौद्योगिकी की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। मंत्रालय के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा, ''रेल सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की देखरेख में किया गया यह परीक्षण कोटा-नागदा खंड पर हुआ, जहां ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की।'' वंदे भारत स्लीपर ट्रेन पूर्व में कई बार निर्धारित समय सीमा से चूक चुकी है। नवंबर के मध्य में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि यह ट्रेन दिसंबर 2025 में शुरू की जाएगी। वैष्णव ने 30 दिसंबर को अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर सुरक्षा परीक्षण का एक वीडियो साझा किया। वीडियो में पानी से भरे गिलासों की स्थिरता का प्रदर्शन किया गया। ट्रेन की तेज गति के बावजूद पानी से भरे गिलास स्थिर रहे। रेल मंत्री ने अपने पोस्ट में कहा, ''रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा आज किए गए परीक्षण में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन कोटा-नागदा खंड के बीच 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। हमारे स्वयं के पानी के गिलास के परीक्षण ने इस नयी पीढ़ी की ट्रेन की तकनीकी विशेषताओं को प्रदर्शित किया। '' अधिकारियों ने ट्रेन के सुरक्षा परीक्षण के बारे में बताया कि सवारी स्थिरता, दोलन, कंपन व्यवहार, ब्रेकिंग प्रदर्शन, आपातकालीन ब्रेकिंग प्रणाली, सुरक्षा प्रणालियों और अन्य महत्वपूर्ण मापदंडों के आकलन सहित व्यापक तकनीकी मूल्यांकन किए गए।




## श्रद्धांजलि: फिल्म जगत के वे सितारे जिन्हें हमने 2025 में खो दिया

**नयी दिल्ली :** भारतीय सिनेमा के लिए 2025 वह साल रहा जिसमें उसने धर्मेंद्र, असरानी, मनोज कुमार, कामिनी कौशल... जैसे अपने कई प्रतिभाशाली और लोकप्रिय कलाकारों को खो दिया। इन कलाकारों की फिल्मों में उभरते हुए भारत के सरोकारों को तमाम कोणों से दर्शाया गया था। 'शोले', 'अनुपमा' और 'चुपके चुपके' जैसी फिल्मों से लोगों के दिलों में पहचान बनाने वाले धर्मेंद्र का निधन उनके 90 वें जन्मदिन से कुछ ही दिन पहले हुआ 24 नवंबर को हुआ। वे एक महीने से अधिक समय से अस्पताल में भर्ती थे। उनकी आखिरी फिल्म 'इक्कीस' है, जो एक जनवरी 2026 को रिलीज होगी। धर्मेंद्र के संघर्ष के दिनों के घनिष्ठ मित्र और हिंदी सिनेमा में देशभक्ति फिल्मों को नयी परिभाषा देने वाले अभिनेता मनोज



कुमार का लंबी बीमारी के बाद इस साल चार अप्रैल को निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। 'शोले' के रिलीज होने के 50 वर्ष पूरे होने वाले साल के दौरान फिल्म उद्योग ने धर्मेंद्र और गोवर्धन असरानी जैसे दो प्रसिद्ध सितारों को खो दिया। फिल्म के शुरुआती हिस्से में जेलर की यादगार भूमिका निभाने वाले असरानी 84 वर्ष के थे। सिर्फ 'शोले' ही नहीं, असरानी ने कई फिल्मों में एक कलाकार के रूप में अमिट छाप छोड़ी। हिंदी सिनेमा की सबसे शिक्षित और शुरुआती महिला सितारों में से एक, कामिनी कौशल का 14 नवंबर को 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कौशल ने अपने दौर के सभी शीर्ष सितारों के साथ काम किया, लेकिन विशेष रूप से दिलीप कुमार के साथ 'शहीद', 'नदिया के पार' और 'शबनम' जैसी फिल्मों में उनकी भूमिका को सराहा गया। गायक और असम के सांस्कृतिक प्रतीक जुबिन गर्ग के 52 वर्ष की आयु में निधन हो जाने से राज्य में शोक की लहर दौड़ गई थी। गर्ग उत्तर पूर्व भारत महोत्सव में भाग लेने के लिए सिंगापुर गए थे और 19 सितंबर को समुद्र में तैरते समय उनका निधन हो गया। फिल्मों और टीवी शो में अपनी भूमिकाओं के लिए पहचान बनाने वाले अभिनेता सतीश शाह का 25 अक्टूबर को गुर्दे की बीमारी के कारण निधिन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। 'जाने भी दो यारों'' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को सराहा जाता है। दक्षिण भारतीय अभिनेत्री बी सरोजा देवी का निधन भी इसी साल हुआ और उन्होंने तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में काम किया था। गुजरे जमाने की हिंदी और मराठी सिनेमा की लोकप्रिय स्टार संध्या शांताराम का अक्टूबर में 94 साल की उम्र में निधन हो गया। लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री शेफाली जरीवाला ने रीमिक्स ट्रैक 'कांटा लगा' में अपनी दमदार प्रस्तुति से प्रसिद्धि हासिल की तथा 'बिग बॉस' एवं 'नच बलिये' जैसे कई रियलिटी शो में भी वह नजर आईं। उनका 42 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बी. आर. चोपड़ा की 'महाभारत' में कर्ण और काल्पनिक नाटक 'चंद्रकांता' में राजा शिवदत्त की भूमिका निभाने वाले टेलीविजन स्टार पंकज धीर का 15 अक्टूबर को निधन हो गया था। वह कैंसर से जूझ रहे थे और उनकी उम्र 68 वर्ष थी। हिंदी सिनेमा की मशहूर गायिका और अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का निधन नवंबर में हुआ। वह 1970 के दशक की फिल्मों में अपनी आवाज और भूमिकाओं के लिए जानी जाती थीं। उनकी उम्र 71 वर्ष थी।

# मंत्रिमंडल ने 19,142 करोड़ रुपये की लागत से नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट गलियारे के निर्माण को दी मंजूरी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र में 19,142 करोड़ रुपये की कुल लागत से छह 'लेन' वाले नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट गलियारे के निर्माण को बुधवार को मंजूरी दे दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, 374 किलोमीटर लंबी यह परियोजना 'बनाओ-चलाओ-सौंप दो (बीओटी) टोल मोड' पर विनिर्मित की जाएगी। इस परियोजना के माध्यम से नासिक, अहिल्यानगर और सोलापुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय शहरों को कुरनूल से जोड़ा जाएगा। यह बुनियादी ढांचा प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय 'मास्टर प्लान' सिद्धांत के अंतर्गत एकीकृत परिवहन अवसंरचना विकास को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नासिक से अक्कलकोट तक प्रस्तावित नए गलियारे को वधावन बंदरगाह इंटरचेंज के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से, नासिक में एनएच-60 (अदेगांव) के जंक्शन पर आगरा-मुंबई गलियारे से और पांगरी (नासिक के पास) में समृद्धि महामार्ग से जोड़ा जाना है। बयान में कहा गया कि प्रस्तावित गलियारा पश्चिमी तट से पूर्वी तट तक सीधा संपर्क प्रदान करेगा। चेन्नई बंदरगाह की ओर से, चेन्नई से तिरुवल्लूर, रेनिगुंटा, कडप्पा और कुरनूल होते हुए हासपुर (महाराष्ट्र सीमा) तक चार-'लेन' वाले गलियारे का निर्माण कार्य पहले से ही प्रगति पर है। यह 700 किलोमीटर लंबा होगा। प्रस्तावित छह 'लेन' वाले इस नए गलियारे का प्राथमिक उद्देश्य यात्रा दक्षता में सुधार करना है। इससे यात्रा का समय 31 घंटे से कम होकर 17 घंटे रह जाएगा। साथ ही यात्रा की दूरी 201 किलोमीटर कम होने की उम्मीद है। नासिक-अक्कलकोट (सोलापुर) संपर्क सुविधा से कोप्पर्थी और ओरवाकल के प्रमुख राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) केंद्रों से आने-जाने वाले माल ढुलाई के लिए लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार होगा।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा में राजमार्ग को चौड़ा करने की परियोजना को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-326 को चौड़ा करने और उन्नत बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस परियोजना के तहत मौजूदा दो-लेन वाले राजमार्ग को ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) माध्यम से 68.600 किलोमीटर से बढ़ाकर 311.700 किलोमीटर का दो-लेन वाला राजमार्ग बनाया जाएगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस परियोजना की कुल लागत 1,526.21 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया कि एनएच-326 के उन्नयन और चौड़ीकरण से यात्रा तेज, सुरक्षित और आसान हो जाएगी, जिससे दक्षिण ओड़िशा का समग्र विकास होगा। इसका विशेष लाभ गजपति, रायगड़ा और कोरापुट जिलों को मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### वर्ष 2025 के अंतिम दिन रुपया 13 पैसे टूटकर 89.88 प्रति डॉलर पर, साल के दौरान पांच प्रतिशत टूटा

**मुंबई:** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया वर्ष 2025 के आखिरी कारोबारी दिन बुधवार को 13 पैसे टूटकर 89.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। माह के आखिर में डॉलर मांग और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) की डॉलर खरीदारी ने रुपये पर दबाव बनाने का काम किया। वहीं पूरे साल के दौरान विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पूंजी की निकासी और आयातकों की डॉलर की बढ़ती मांग के कारण 2025 में रुपये में पांच प्रतिशत की गिरावट आई। इससे यह सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्राओं में से एक बन गयी। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू मुद्रा ने पूरे साल नकारात्मक रुख दिखाया है, जिससे यह वर्ष 2025 में एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गई है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस साल शेयर बाजार से 16.5 अरब डॉलर निकाले हैं, जिससे निवेशकों की कारोबारी धारणा और अधिक खराब हुई है।

### सरकार ने वोडाफोन-आइडिया को बकाया भुगतान से दी पांच साल की मोहलत

**नयी दिल्ली:** सरकार ने वोडाफोन-आइडिया के लिए एक बड़े राहत पैकेज को बुधवार को मंजूरी दी। इसके तहत उसके बकाया भुगतान से पांच साल की मोहलत दी गई है। इससे कर्ज में फंसी दूरसंचार कंपनी को बड़ी राहत मिली है। निर्णय से अवगत सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के 87,695 करोड़ रुपये के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया पर रोक लगाने पर सहमति जतायी है जिसे संकटग्रस्त कंपनी को वित्त वर्ष से 2031-32 से 2040-41 तक चुकाना होगा। एजीआर बकाया से तात्पर्य समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) के आधार पर दूरसंचार कंपनियों द्वारा सरकार को देय भुगतान से है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था के चुनौतियों के बावजूद मजबूत वृद्धि कायम रखने की संभावना: आरबीआई रिपोर्ट

**मुंबई:** वैश्विक आर्थिक माहौल चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत वृद्धि बनाए रखने की संभावना है और इसे मजबूत घरेलू मांग, नियंत्रित मुद्रास्फीति एवं संतुलित व्यापक आर्थिक नीतियों से समर्थन मिल रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। आरबीआई ने अपनी 'वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट' (एफएसआर) में कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की वित्तीय स्थिति मजबूत है। बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी और नकदी भंडार है, उनकी परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है और लाभ भी मजबूत बना हुआ है। आरबीआई ने कहा, घरेलू वित्तीय प्रणाली मजबूत है जिसे सुदृढ़ बहीखाते, अनुकूल वित्तीय हालात और वित्तीय बाजारों में कम उतार-चढ़ाव से समर्थन मिला है। हालांकि, निकट अवधि में भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार अनिश्चितता से जोखिम बने हुए हैं। केंद्रीय बैंक के व्यापक दबाव परीक्षण के परिणाम इसकी पुष्टि करते हैं कि बैंक प्रतिकूल परिस्थितियों में भी संभावित नुकसान सहन कर पाने में सक्षम हैं और उनकी पूंजी नियामकीय न्यूनतम स्तर से काफी ऊपर बनी रहेगी। रिपोर्ट में म्यूचुअल फंड कंपनियों और समाशोधन निगमों की स्थिति को भी मजबूत बताया गया है। इसके अलावा, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) पर्याप्त पूंजी, स्थिर आय और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता के कारण मजबूत बनी हुई हैं। आरबीआई रिपोर्ट के मुताबिक, बीमा क्षेत्र में भी बहीखाते की स्थिति मजबूत है और एकीकृत सॉल्वेंसी अनुपात भी तय न्यूनतम सीमा से ऊपर है। सॉल्वेंसी अनुपात बीमा क्षेत्र में किसी कंपनी की दीर्घकालिक देनदारियों को पूरा करने और पॉलिसीधारकों के दावों का भुगतान करने की क्षमता को मापता है।

## टीवी, रेफ्रिजरेटर, एलपीजी चूल्हा, कूलिंग टॉवर पर स्टार रेटिंग एक जनवरी से अनिवार्य

**नयी दिल्ली:** सरकार ने एक जनवरी से रेफ्रिजरेटर, टीवी, एलपीजी गैस चूल्हा एवं कूलिंग टॉवर जैसे कई उपकरणों पर ऊर्जा दक्षता वाली स्टार रेटिंग को अनिवार्य कर दिया है। बिजली मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की गजट अधिसूचना के मुताबिक, इस नए नियम का विस्तार डीप फ्रीजर, वितरण ट्रांसफॉर्मर और ग्रिड से जुड़े सोलर इनवर्टर पर भी होगा। उल्लेखनीय है कि बीईई का स्टार रेटिंग ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने वाले प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इसके तहत उपकरणों पर एक से पांच स्टार की रेटिंग दी जाती है जो बताता है कि संबंधित उपकरण कितनी बिजली खपत करेगा। पहले फ्रॉस्ट-फ्री एवं डायरेक्ट कूल रेफ्रजरेटर, डीप रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर (कैसेट, फ्लोर स्टैंडिंग टावर, सीलिंग, कॉर्नर एसी), रंगीन टीवी और अल्ट्रा एचडी टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर स्टार रेटिंग को दर्शाना स्वैच्छिक था। एक अधिकारी ने बताया कि स्टार-रेटिंग वाले उपकरणों की सूची समय-समय पर अद्यतन की जाती है। जुलाई 2025 में इन उपकरणों के लिए मसौदा नियम जनता से सुझाव लेने के लिए जारी किए गए थे और नए बदलाव इन्हीं सुझावों पर आधारित हैं। पहले भी रूम एयर कंडीशनर, इलेक्ट्रिक सीलिंग फैन, इलेक्ट्रिक वॉटर हीटर, वाशिंग मशीन, ट्यूबलर फ्लोरसेंट लैंप और सेल्फ-बैलास्टेड एलईडी लैंप पर स्टार-रेटिंग अनिवार्य थी।

## निर्यातकों की बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए 4,531 करोड़ रुपये की योजना शुरू

**नयी दिल्ली:** सरकार ने निर्यातकों को वैश्विक बाजारों तक बेहतर पहुंच दिलाने के इरादे से बुधवार को 4,531 करोड़ रुपये की बाजार पहुंच समर्थन योजना शुरू की। इसके तहत निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों और खरीदारों से सीधे संपर्क से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारतीय निर्यातक अमेरिका द्वारा लगाए गए लगभग 50 प्रतिशत आयात शुल्क के कारण दबाव में हैं। यह योजना सरकार के 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन का हिस्सा है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, वर्ष 2025 से 2031 के बीच इस योजना पर 4,531 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए 500 करोड़ रुपये अलग से निर्धारित किए गए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशक अजय भादू ने कहा कि योजना के तहत खरीदारों और विक्रेताओं की बैठक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों और विदेशी खरीदारों के भारत आकर स्थानीय निर्यातकों से सीधे बातचीत करने वाले आयोजनों के लिए संगठित वित्तीय और संस्थागत सहयोग दिया जाएगा।

## साल के अंतिम सत्र में बाजार करीब एक प्रतिशत उछला, निफ्टी 2025 में 10.5 प्रतिशत चढ़ा



**मुंबई:** साल 2025 के आखिरी कारोबारी सत्र में बुधवार को घरेलू शेयर बाजार करीब एक प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का साथ मिलने और रिलायंस, टाटा स्टील एवं कोटक बैंक में लिवाली से बाजार गिरावट के दौर से उबरने में सफल रहा। विश्लेषकों ने कहा कि पिछले कुछ सत्रों की नरमी के बाद चुनिंदा शेयरों में कम मूल्य पर खरीदारी का रुझान देखा गया जिससे सूचकांकों में तेजी का माहौल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स लगातार पांच कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद 545.52 अंक यानी 0.64 प्रतिशत उछलकर 85,220.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 762.09 अंक बढ़कर 85,437.17 तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी चार दिनों की गिरावट से उबरकर 190.75 अंक यानी 0.74 प्रतिशत चढ़कर 26,129.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टाइटन और ट्रेंट के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। हालांकि, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा के शेयरों में बिकवाली देखी गई।

## वाहन क्षेत्र की पीएलआई योजना में कुल 35,657 करोड़ रुपये का निवेश आया: मंत्रालय

**नयी दिल्ली:** वाहन क्षेत्र के लिए संचालित 'उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन' (पीएलआई) योजना में अब तक कुल 35,657 करोड़ रुपये का निवेश आया है जबकि 32,879 करोड़ रुपये की कुल बिक्री हुई है। इस योजना से 48,974 नौकरियां भी पैदा हुई हैं। सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस बीच, भारी उद्योग मंत्रालय इस योजना के तहत अब तक कोई निवेश नहीं करने वाली 10 कंपनियों की बैंक गारंटी वापस लेने की तैयारी में है। भारी उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीएलआई-वाहन योजना के तहत अब तक 82 आवेदन मंजूर किए गए हैं। इस योजना की अवधि 2023-24 से 2027-28 तक है। वित्त वर्ष 2024-25 के प्रदर्शन वर्ष के लिए अब तक 1,999.94 करोड़ रुपये पांच स्वीकृत आवेदकों- टाटा मोटर्स, बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीवीएस मोटर कंपनी और ओला इलेक्ट्रिक को दिए जा चुके हैं। इस योजना के तहत अब तक 10,42,172 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन, 2,38,385 इलेक्ट्रिक तिपहिया, 79,540 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और 1,391 इलेक्ट्रिक बसों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन दिए गए हैं। इस योजना के तहत केवल वही उत्पाद पात्र हैं जिनमें घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) कम-से-कम 50 प्रतिशत है। अब तक आठ कंपनियों ने 94 उत्पादों और दस कंपनियों ने 37 उत्पादों के लिए डीवीए प्रमाणपत्र हासिल किया है।




वर्ष 10, पूर्णांक 3460 अंक 270, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in